




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 16 अंक - 109 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 01 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# आम बजट 2025 सरकार का मध्यम वर्ग को बड़ा तोहफा

## लोकसभा के बजट सत्र में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने पेश किया मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट

## 12 लाख तक की आय पर अब नहीं देना होगा टैक्स

**नई दिल्ली। लोकसभा में बजट सत्र का शनिवार को दूसरा दिन है। वित्तमंत्री निर्मला सीता रमन ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट प्रस्तुत किया। यह वित्तमंत्री के तौर पर निर्मला सीतारमन का लगातार रिकॉर्ड आठवां बजट है। आम बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर अब आयकर नहीं। जब स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ देंगे तो वेतनभोगी लोगों के लिए 12.75 लाख रुपये की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने नए टैक्स स्लैब का एलान करते हुए कहा कि इससे मध्यम वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। हमने मध्यम वर्ग पर टैक्स कम किए हैं और मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है।**



बजट भाषण के दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा कि यह बजट विकास की रफ्तार बढ़ाने, समग्र विकास करने, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करने और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। बजट 2025-26 विकास की रफ्तार बढ़ाने, समग्र विकास, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करने के लिए, मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने के बिंदुओं पर आधारित है। बजट में प्रस्तावित विकास उपाय, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को ध्यान में रखते हुए 10 क्षेत्रों को कवर किया गया है। इनमें कृषि विकास और उत्पादकता को गति देना, ग्रामीण संपन्नता और अनुकूलन निर्माण, समावेशी प्रगति के पथ पर सबको साथ लेकर चलने, भारत में विनिर्माण बढ़ाने और मेक इन इंडिया को आगे ले जाने, एमएसएमई को मदद देने, रोजगार और विकास को समर्थ बनाने, जनता-अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करने, ऊर्जा आपूर्तियां सुनिश्चित करने, निर्यात को बढ़ावा देने और नवाचार को पोषित करने पर फोकस किया जाएगा।

### नया टैक्स स्लैब

- 0-4 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं।
- 4-8 लाख की आय पर 5 प्रतिशत
- 8-12 लाख की आय पर 10 प्रतिशत
- 12-16 लाख की आय पर 15 प्रतिशत
- 16-20 लाख की आय पर 20 प्रतिशत
- 20-24 लाख की आय पर 25 प्रतिशत
- 24 लाख से ऊपर की आय पर 30 प्रतिशत

### नई कर व्यवस्था में स्लैब बदलने से कितना फायदा?

| कर योग्य आय | पहले कर | नई प्रणाली में फायदा | कुल आयकर |
|---|---|---|---|
| 12 लाख | 80,000 | 80,000 | 00 |
| 16 लाख | 1,70,000 | 50,000 | 1,20,000 |
| 20 लाख | 2,90,000 | 90,000 | 2,00,000 |
| 24 लाख | 4,10,000 | 1,10,000 | 3,00,000 |
| 50 लाख | 11,90,000 | 1,10,000 | 10,80,000 |

### महिलाओं के लिए 2 ऐलान

- पहली बार उद्यमी को 2 करोड़ का टर्म लोन
- SC -ST की MSME महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना।
- पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।

### युवाओं के लिए 11 ऐलान

- मेडिकल सीटें अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी
- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा।
- 500 करोड़ रुपए से 3 Ai (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- देश में 23 IIT में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी।
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी।
- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेश होगा।
- पटना IIT में होस्टल सुविधाएं बढ़ाई जाएगी।
- मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा देंगे।
- स्किल बढ़ाने के लिए 5 राष्ट्रीय स्तर के सेंटर बनाए जाएंगे।
- सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।



### मध्यम वर्ग के लिए 13 ऐलान



- किराया आमदनी पर टीडीएस छूट 6 लाख रुपए
- अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं। नौकरी पेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिक्शन के साथ टैक्स लिमिट 12.75 लाख।
- बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई।
- TDS की सीमा 10 लाख रुपए की गई।
- 4 साल तक अपडेटेड ITR भर सकेंगे।
- किराया आमदनी पर TDS छूट 6 लाख रुपए की गई।
- मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी।
- EV और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी।
- LED-LCD टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5% की गई।
- देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा।
- 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा।
- शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी।
- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे।
- हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट होंगे सस्ते

लिथियम बैटरी और टीवी समेत इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट होंगे सस्ते। इसके अलावा इलेक्ट्रिक कारें सस्ती होंगी। मोबाइल से लेकर टीवी तक सस्ता होगा। इसके अलावा भारत में बनने वाले सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट सस्ते होंगे। सरकार ने कोबाल्ट पाउडर, लिथियम-आयन बैटरी के स्क्रैप, लेड, जिंक और अन्य 12 महत्वपूर्ण खनिजों को बेसिक कस्टम्स ड्यूटी (BCD) से छूट देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा जीवन रक्षक दवाएं, शिप मैन्युफैक्चरिंग, फुटवियर, फर्नीचर, हैंडबैग व क्रिटिकल मिनरल्स सस्ते होंगे।

### बजट में बिहार पर फोकस

बजट में बिहार पर फोकस किया गया है। बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। पटना एयरपोर्ट को विस्तार दिया जाएगा। बिहार के मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना शुरू की जाएगी। इसके दायरे में 50 हजार हेक्टेयर का क्षेत्र आएगा। देश के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा। रोजगार आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। होम स्टे के लिए मुद्रा लोन दिया जाएगा। बिहार में स्थापित किया जाएगा राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाकर उनकी आय में बढ़ोत्तरी करेगा। साथ ही युवाओं के लिए हुनर, उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। बिहार के लोगों के लिए यह विशेष अवसर है ताकि वे मखाना का उत्पादन और उसके प्रसंस्करण को बढ़ावा दे सकें। मखाना बोर्ड इसमें किसानों की मदद करेगा। इससे किसानों को पथ प्रदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। कपास उगाने वाले किसानों के लिए कपास मिशन की शुरुआत हो रही है। इससे कपास की अधिक लंबे रेशे वाली किस्मों को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### सीएम साय बोले-12 लाख की आय पर फैसला ऐतिहासिक



आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी 3.0 के पहले पूर्ण बजट में सालाना 12 लाख रूपये तक की आय पर शून्य आयकर का फैसला ऐतिहासिक है। यह देश-प्रदेश के करोड़ों मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधा लाभ पहुंचाने वाला फैसला है। सीएम साय ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीता रमन ने हर क्षेत्र के लिए विशेष बजट दिया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए काम कर रहे गिग कामगारों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत करके पहचान पत्र दिया जाएगा और पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ सुविधाएं दी जाएंगी। लगभग 1 करोड़ कामगारों को इसका लाभ मिलेगामेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड विनिर्माण के लिए आवश्यक, युवाओं को कौशल से लैस करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञ और साझेदारी के साथ 5 नेशनल सेंटर ऑफएक्सिलेंस फॉर स्किलिंग की स्थापना की जाएगी। निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए अप्रत्यक्ष कर उपायों को लागू किया है। हैंडिक्राफ्ट्स निर्यात की समय सीमा को छह महीने से बढ़ाकर एक साल किया गया, इसके लिए तीन महीने की समय सीमा और बढ़ाई गई। वेट ब्लू लैदर को बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से पूर्णत: करमुक्त किया गया जो कि सर्वहित का निर्णय है।

### केंद्रीय बजट आत्मनिर्भरता, समावेशिता और ग्रामीण उत्थान का प्रतीक है : ओपी चौधरी

मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, केंद्रीय बजट आत्मनिर्भरता, समावेशिता और ग्रामीण उत्थान का प्रतीक है। गरीब कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अब 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा, यह निर्णय करदाताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक स्वतंत्रता मिलेगी और वे अपनी आय का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने का निर्णय लिया, जिससे किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। आम बजट में ग्रामीण विकास, किसान सशक्तिकरण और देश की समृद्धि के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार।

### व्यापारियों के लिए 10 ऐलान

- *देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाएंगे*
- *MSME के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ होगी।*
- *सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव।*
- *7 टैरिफरेट हटेंगे। अब देश में 8 टैरिफरेट ही रह जाएंगे।*
- *ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाए जाएंगे।*
- *देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने राष्ट्रीय योजना बनेगी।*
- *नई लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।*
- *बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी बनेगा।*
- *सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे।*
- *पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।*
- *शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी।*

### बुजुर्ग के लिए 6 ऐलान



- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी
- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए।
- 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स।
- देश में 200 डे-केयर कैंसर सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं।
- 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5% घटाई।
- 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।

किसान के लिए 11 ऐलान

- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए
- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।
- देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी। 100 जिलों को फायदा होगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30% से घटाकर 5% की गई।
- अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा।
- बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा।
- मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन- मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।



## यदि 40 के बाद भी आदर्शवादी हैं तो...

श्रीकंचनपथ




ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता ने दोहराया कि उन्हें यही सिखाया गया कि यदि 20 की उम्र में आप आदर्शों की बातें नहीं करते तो इसका मतलब होता है कि आपके पास दिल नहीं है। आपके पास भावनाएं नहीं हैं। पर यही भावनाएं यदि 40 के बाद भी आपका मार्गदर्शन कर रही हैं, जीने का रास्ता दिखा रही हैं तो मान लेना चाहिए कि आपके पास दिमाग नहीं है। उन्होंने ये बातें अपनी मां तथा इंफोसिस कोफाउंडर की पत्नी सुधा मूर्ति का साक्षात्कार प्रारंभ करने से पहले कहीं। जयपुर लिटररी फेस्टिवल के दौरान 'माई मदर माई सेल्फ' साक्षात्कारों का आयोजन किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि बचपन में जब जन्मदिन पर पार्टी करने की बजाय रकम को गरीबों के हित में खर्च करने की बात उठती, तब भी उन्हें बुरा लगता था। पर आज वे महसूस करती हैं कि इससे एक खास कैरेक्टर की नींव रखी जा रही थी। सुधा मूर्ति ने कहा कि एक शिक्षक परिवार से होने के कारण उनके यहां उपहार में भी पुस्तकें ली और दी जाती थीं। उन्होंने अपने बच्चों को भी पुस्तकों के उपहार के ही संस्कार दिये। सुधा ने सेक्स वर्कर्स की बेहतरी के प्रयासों के दौरान अपने संस्मरणों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि आरंभ में सेक्स वर्कर्स ने उनपर टमाटर फेंके। उन्हें भला बुरा भी कहा गया पर गीता के श्लोक 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषुकदाचन' को ध्यान में रखते हुए वे काम करती रहीं। इस तरह वे तीन हजार सेक्स वर्कर्स का जीवन बदलने में सफल रहीं। दरअसल, लगता है कि गीता के इस श्लोक को कभी ठीक से समझा नहीं गया। इसका मतलब यह नहीं है कि फल की इच्छा किये बिना कर्म करते रहो बल्कि इसका अर्थ यह है कि केवल कर्म ही आपके नियंत्रण में होते हैं, परिणाम नहीं। अच्छे कार्यों से ही अच्छे परिणामों की उम्मीद की जा सकती है, इसलिए नेकी के रास्ते पर ही चलना चाहिए। बहरहाल, हम लौट कर आते हैं, इस ब्लाग के आरंभ पर। बात आदर्शों को लेकर हो रही थी। सुधा मूर्ति ने कहा कि आज 74 साल की उम्र में भी वे आदर्शवादी ही हैं। इससे यह नहीं साबित हो जाता कि उनके पास दिमाग नहीं है। राजनीति के परिप्रेक्ष्य में तो आदर्शवाद के मायने ही कुछ और हैं। राजनीति कहती है कि आपके दिल में क्या चल रहा है, यह आपके चेहरे पर नहीं आना चाहिए। आपका दिमाग भले ही गालियां दे रहा हो पर जुबान पर आदर्श वाक्य ही होने चाहिए। इसमें अगर चूक हुई तो पूरा राजनीतिक करियर दांव पर लग सकता है। शायद नेताओं के लिए ही यह कहा गया है कि दीवारों के भी कान होते हैं। अर्थात जितना सोचना है मुंह खोलने से पहले सोच लो। एक बार जुबान चल गई तो फिर जिन्दगी भर सफाई देते फिरोगे और कोई भी उसपर यकीन नहीं करेगा।




## संपादकीय

# केजरीवाल के नहले पर भाजपा का दहला

आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल अपने किस्म के अकेले नेता हैं, वह परंपरागत राजनीति से निकले नेता नहीं हैं, इसलिए वह परंपरागत राजनीति से निकले नेताओं से अलग है,वह वैसा भी कुछ करने की सोच लेते हैं, कर लेते हैं जो परंपरागत राजनीति से निकले नेता सोच नहीं पाते हैं। देश में कई राज्यों में चुनाव होते हैं वहां राजनीतिक दल चुनाव लड़ते हैं लेकिन किसी दल ने आज तक दूसरे दल पर वैसा आरोप नहीं लगाया जैसा आरोप केजरीवाल ने भाजपा की हरियाणा सरकार पर लगा दिया। केजरीवाल ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर आरोप लगा दिया कि उसने यमुना के दिल्ली आने वाले पानी में जहर मिला दिया है। हमारे इंजीनियरों को पता चला तो उन्होंने पानी को रोक दिया। वह पानी दिल्ली चला जाता तो नरसंहार हो जाता।

> केजरीवाल सच को वैसा नहीं कहते हैं जैसा वह है, वह सच को इस तरह कहते हैं कि हर कोई चौंक जाएं कि ऐसा कैसे हो सकता है। हुआ भी यहीं केजरीवाल ने बयान से सब चौंक गए लेकिन केजरीवाल के खिलाफकिसी ने कोई कार्रवाई नहीं की, केजरीवाल तो चाहते थे कि उनके खिलाफभाजपा कोई कार्रवाई करे और वह उसे चुनाव में भुना लें कि देखों भाजपा मुझको फिर जेल भेजना चाहती है। भाजपा भी जानती थी कि केजरीवाल ने जो कुछ कहा है वह जानबूझकर कहा है ताकि उन पर चुनाव के समय कोई कार्रवाई हो तो वह उसका राजनीतिक लाभ उठा सकें।

भाजपा जानती थी कि यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर ज्यादा हो गया है, केजरीवाल यही कह रहे हैं कि यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर ज्यादा हो गया है, इसलिए वह पीने लायक नहीं है। केजरीवाल की आदत है कि वह अतिश्योक्ति में बात कहते हैं और जानते हैं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई भी नही हो सकती। बाद में वह कह देंगे उन्होंने कोई गलत बात नहीं कही है। वह तो दिल्ली के लोगों को बता रहे थे कि यमुना का पानी अमोनिया ज्यादा होने के कारण पीने लायक नहीं रह गया है। इससे दिल्ली के लोगों को पानी की कुछ दिक्कत हो सकती है।चुनाव आयोग ने उनसे इस मामले में सफाई देने को कहा तो उन्होंने चुनाव आयोग को बता दिया है कि शहर में पेयजल की गुणवत्ता तात्कालिक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के मद्दे नजर टिप्पणी की थी।यह उनका कर्तव्य था।

केजरीवाल के बयान का हरियाणा से सीएम सहित पीएम मोदी ने जवाब दिया, यह जवाब ऐसा था जिसकी अपेक्षा केजरीवाल को नहीं थी, केजरीवाल उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा तत्काल कोई कार्रवाई करेगी लेकिन भाजपा केजरीवाल को जानती है कि यह आदमी जो कुछ अभी करेगा उसका मकसद चुनाव में लाभ लेना होगा इसलिए भाजपा ने ऐसा कुछ नहीं किया जैसा केजरीवाल चाहते थे,उसने भी वैसा जवाब दिया जैसा केजरीवाल सोच नहीं सकते थे।

पहले तो हरियाणा के सीएम सैनी ने केजरीवाल से कई सवाल किए और दिल्ली के लोगों को बताया कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। उसके बाद उन्होंने यमुना के पानी को पीकर दिल्ली की जनता को बताया कि देखो मैं यमुना का पानी पी रहा हूं, इसमें कोई जहर नहीं मिला है। केजरीवाल ने सोचा नहीं होगा कि उनके आरोप के जवाब में हरियाणा के सीएम ऐसा कर सकते हैं। केजरीवाल ने कहा था यमुना के पानी में जहर मिलाया गया है तो हरियाणा के सीएम ने यमुना का पानी पीकर बता दिया कि इसमे कोई जहर नहीं मिलाया गया है। साथ ही यह भी चुनौती दे दी कि केजरवाल दिल्ली के यमुना का पानी पीकर दिखाएं।

केजरीवाल को इससे बेहतर जवाब तो दिया ही नहीं जा सकता था। इसके बाद पीएम मोदी ने केजरीवाल को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों के रिश्तेदार, बच्चे क्या दिल्ली में नहीं रहते हैं, क्या हरियाणा के लोग अपने रिश्तेदारों व बच्चों को यमुना के पानी में जहर मिलाकर मारना चाहेंगे। इसके बाद उन्होंने यह भी केजरीवाल को झूठा साबित करने के लिए कहा कि मैं भी यमुना का पानी पीता हूं। यमुना के पानी में कोई जहर नहीं मिलाया गया है। केजरीवाल की झूठ की पोल हरियाणा के सीएम के साथ पीएम ने खोल दी और बता दिया कि केजरीवाल होशियार हैं तो वह केजरीवाल से ज्यादा होशियार हैं।

## चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं

दिल्ली विधानसभा चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं हो रही हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़ लगी हुई है। रेवड़ी बांटने की राजनीतिक प्रवृत्ति का विरोध करने वाली भाजपा भी इस दौड़ में शामिल हो गई है। वह अपने पहले संकल्प पत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, सभी बुजुर्ग को सस्ता इलाज, गैस सिलेंडर पर सब्सिडी सहित अन्य लुभावनी घोषणाएं कर चुकी है। भाजपा ने अपना दूसरा संकल्प पत्र जारी किया है। इसमें ऑटो-टैक्सी चालकों, घरेलू कामगारों और युवाओं के लिए विशेष तौर पर मदद करने की घोषणाएं की गई हैं। पार्टी ने यूपीएससी और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए 15 हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर वजीफा योजना के अंतर्गत 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पहले ही महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये देने का वादा कर चुकी है। बुजुर्गों के लिए संजीवनी स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मुफ्त इलाज और ऑटो चालकों के लिए 10 लाख तक का बीमा किया जाएगा। आप 200 यूनिट बिजली मुफ्त पहले से ही दे रही है। कांग्रेस ने भी प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। दिल्लीवासियों का वह 25 लाख तक मुफ्त इलाज और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी। भारत की राजनीति में मुफ्त की चीजें बांटने की प्रवृत्ति नई नहीं है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो से इसका चलन बढ़ता गया है और अब यह प्रवृत्ति स्थायी तौर पर स्थापित हो गई है। राजनीतिक दल सार्वजनिक कल्याण करने की अपेक्षा व्यक्तिगत लाभ देने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। राज्य द्वारा किए जाने वाले सामाजिक-आर्थिक कार्य में अवरोध पैदा होंगे। सड़कें, बांध, अस्पताल आदि सार्वजनिक कल्याण के कार्य के लिए धन कहां से आएगा। इस विषय पर कोई राजनीतिक दल गंभीरता से विचार नहीं कर रहा है। अगर मुफ्त की रेवड़ी बांटने की प्रवृत्ति चुनावी मॉडल में तब्दील हो गई तो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए धक्का होगी और आर्थिक व्यवस्था भी बेपटरी हो जाएगी जैसाकि पड़ोसी देश श्रीलंका में हुआ। समय रहते इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा।

# महाकुंभ : आस्था का आवेग बना हादसे का कारण

प्रमोद भार्गव



प्रचार का प्रभाव और पर्व विषेश में त्रिवेणी में डूबकी लगाने के उत्साह में मची भगदड़ में तीस लोग प्राण गंवा बैठे और करीब 60 लोग घायल हो गए। 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के विषेश पर्व स्नान का विशेष मुर्हूत्त था, करोड़ों लोग मुहूर्त्त की प्रतीक्षा की शुभ घड़ी में गंगा तट पर एकत्रित होते चले गए। यहीं रुकने और चादर बिछाकर सो भी गए। फिर जब अर्धरात्रि में एक से दो के बीच स्नान के लिए भीड़ का सैलाब उमड़ा तो रेत पर सोये लोगों की अनदेखी करते आगे बढ़े और लड़खड़ा कर एक-दूसरे पर गिरने लगे। इस उठापटक में संभलने का अवसर भी नहीं मिला और लोग हताहत होते चले गए। ऐसा नहीं था कि प्रशासन को इस तरह के संकट की आशंका न हो ? क्योंकि पांच से लेकर 10 करोड़ लोगों के संगम में डुबकी लगाने की संभावना पूर्व से ही की जा रही थी। रात 9-10 बजे से ही यह अपील की जा रही थी कि लोग स्नान करते चलें और संगम स्थल से निकल जाएं। परंतु शुभ मुहूर्त्त के फेर में आस्थावान श्रद्धालु डटे रहे और सनातन के चरम पर पहुंचे कुंभ में अनहोनी घट गई। घटना से स्थितप्रज्ञ अधिकारियों का विवेक कुछ समझ ही नहीं पाया, नतीजतन आकास्मिक उपचार की सुविधाएं भी विलंब से पहुंची। साफ है, जब ऐसी परिस्थिति की आशंका थी, तब पहले से ही परिकल्पना करके उससे तत्काल निपटने के उपाय प्रशासन को संगम पर करने की जरूरत थी। प्रशासन का प्रबंधन जहां चकनाचूर था, वहीं भीड़ का अनुशासन भी नहीं दिखा। वस्तुत: आस्था के अनियंत्रित आवेग में खोते हुए विवेक ने घटना को अंजाम दे दिया। यहां जरूरत थी कि भीड़ को मेले में प्रवेश ही एक तय संख्या के समूह में क्रम-क्रम से दिया जाता। प्रशासन ने इसी मेले में गीता प्रेस के परिसर में आग लगने के बावजूद कोई सबक नहीं लिया।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। इसी प्रयाग के 2013 में संपन्न हुए कुंभ मेले में रेलवे स्टेशन पर बने पैदल पुल पर भगदड़ मचने से 42 लोगों की मौत हो गई थीं। लेकिन प्रशासन ने इस घटना से कोई सबक नहीं लिया। 1954 में भी प्रयागराज के कुंभ में 3 फरवरी को मौनी अमावस्या पर भगदड़ मची और 800 लोग काल के गाल में समा गए। 1986 में हरिद्वार के कुंभ में वीआईपी दर्जे के लोगों को विशेष स्नान के लिए भीड़ रोक देने के कारण भगदड़ मची और 200 लोग मारे गए थे। 2003 के नासिक कुंभ में 39 और 2010 के हरिद्वार के कुंभ में शाही स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई थी। साफहै, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अकसर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते ? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते है। वस्तुत: कुप्रबंधन को लेकर विपक्ष को आयोजन में कमियां उजागर करने का मौका मिल गया।

इस कुंभ की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराषि खर्च की गई। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को कुंभ स्नान के लिए आमंत्रित किया गया। फलत: कौने-कौने से श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाने का मन बना लिया। नतीजा यह निकला कि जिसे जो आवागमन का साधन मिला प्रयागराज की ओर चल दिया। जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ा कि परिवहन से लेकर प्रयाग में प्रबंधन के सभी साधन कम पड़ गए। करोड़ों की भीड़ को संभालने के लिए सात स्तरीय सुरक्षा प्रबंधों से लेकर जो भी आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब ध्वस्त हो गए। ऐसा मेले के विराट रूप में बदल जाने के कारण हुआ। वैसे भी हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक आयोजन विराट रुप लेते जा रहे हैं। कुंभ मेलों में तो विशेष पर्वों के अवसर पर एक साथ कई करोड़ लोग एक निश्चित समय के बीच स्नान करते हैं। ऐसे में भीड़ के अनुपात में यातायात और सुरक्षा के इंतजाम देखने में नहीं आते। जबकि षासन-प्रषासन के पास पिछले पर्वों के आंकड़े और अनुभव होते हैं। बावजूद लापरवाही और बद्इंतनीजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल, कुंभ या अन्य मेलों में जितनी भीड़ पहुंचती है और उसके प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत होती है, उसकी दूसरे देशों के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते ? इसलिए हमारे यहां लगने वाले मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से नहीं ले सकते? क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती ? बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण, लेने खासतौर से योरुपीय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे।

प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदषा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ जाती है। ऐसे में कोई महिला या बच्चा गिरकर अनजाने में भीड़ के पैरों तले रौंद दिया जाता है और भगदड़ मच जाती है। इस कुंभ में जहां केंद्रीय मंत्रीमंडल के मंत्री स्नान के लिए आते रहे, वहीं भाजपा शासित प्रदेश सरकारों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने भी वीआईपी घेरे में श्रद्धालुओं को परे करके डुबकी लगाई। गौतम अडाणी ने भी परिवार सहित वीआईपी स्नान किए।

दरअसल दर्शन-लाभ और पूजापाठ जैसे अनुष्ठान अशक्त और अपंग मनुष्य की वैशाखी हैं। जब इंसान सत्य और ईश्वर की खोज करते-करते थक जाता है और किसी परिणाम पर भी नहीं पहुंचता है तो वह पूजापाठों के प्रतीक गढ़कर उसी को सत्य या ईश्वर मानने लगता है। यह मनुष्य की स्वाभाविक कमजोरी है। यथार्थवाद से पलायन अंधविश्वास की जड़ता उत्पन्न करता है। भारतीय समाज में यह कमजोरी बहुत व्यापक और दीर्घकालीक रही है। जब चिंतन मनन की धारा सूख जाती है तो सत्य की खोज मूर्ति पूजा और मुहूर्त्त की शुभ घड़ियों में सिमट जाती है। जब अध्ययन के बाद मौलिक चिंतन का मन-मस्तिष्क में ह्वास हो गया तो मानव समुदाय भजन-कीर्तन में लग गया। यही हश्र हमारे पथ-प्रदर्शकों का हो गया है। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं।

### भीड़ बढ़ाने में मीडिया की भूमिका

धार्मिक स्थलों पर भीड़ बढ़ाने का काम मीडिया भी कर रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया भी टीआरपी के लालच में अहम् भूमिका निभाता नजर आ रहा है। इस कुंभ में हम देख रहे है कि नीली आंखों वाली लड़की और आईआईटिअन साधु के वीडियो एक तमाशे के रूप में कहीं ज्यादा दिखाए और देखे गए है। जबकि शंकराचार्यों से धर्म और आस्था के गूढ़ रहस्यों को ज्ञात करने की जरूरत थी? परंतु हमारे यहां प्रत्येक छोटे बड़े मंदिर के दर्शन को चमात्कारिक लाभ से जोड़कर देश के भोले-भाले भक्तगणों से एक तरह का छल मीडिया कर रहा है। इस मीडिया के अस्तित्व में आने के बाद धर्म के क्षेत्र में कर्मकांड और पाखण्ड का आडंबर जितना बड़ा है, उतना पहले कभी देखने में नहीं आया। इसकी पृष्ठभूमि में बाजारवाद की भूमिका भी रहती है। निर्मल बाबा, कृपालू महाराज, आशाराम बापू और रामपाल जैसे संतों का महिमामंडन इसी मीडिया ने किया था। हालांकि यही मीडिया पाखंड के सार्वजनिक खुलासे के बाद मूर्तिभंजक की भूमिका में भी खड़ा हो जाता है।

मीडिया का यही नाट्य रूपांतरण अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। यही भावना मानवीय मसलों को यथास्थिति में बनाए रखने का काम करती है और हम ईश्वरीय अथवा भाग्य आधारित अवधारणा को भाग्य और प्रतिफल व नियति का कारक मानने लग जाते हैं। दरअसल मीडिया, राजनेता और बुद्धिजीवियों का काम लोगों को जागरूक बनाने का है, लेकिन निजी लाभ का लालची मीडिया, लोगों को धर्मभीरू बना रहा है। राजनेता और धर्म की आंतरिक आध्यात्मिकता से अज्ञान बुद्धिजीवी भी धर्म के छद्म का शिकार होते दिखाई देते हैं। यही वजह है कि पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। बावजूद श्रद्धालु हैं कि दर्शन, आस्था, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध व वैभवशाली होगा। परंतु इस तरह के खोखले दावों का दांव हर मेले में ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

( ये लेखक के विचार हैं )

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

उमेश चतुर्वेदी



दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमशः 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय़ यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गई। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है।

घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं।

पिछले साल मई में रिजर्व बैंक ने भी ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत खर्च को लेकर ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी और देश की जीडीपी दर मे 7.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन रिजर्व बैंक ने इसी रिपोर्ट में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते कर्ज को लेकर भी रिपोर्ट जारी की थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में भी कर्ज को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज ले रखा है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17,442 प्रति लाख ही है। साफहै कि उपभोक्तावाद ग्रामीण संस्कृति को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कर्ज कभी गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द होते थे, इसलिए वहां बचत केंद्रित आर्थिकी पर जोर था। लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। इसका मतलब साफ है कि गांवों में खर्च भले ही बढ़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गांवों की तसवीर अभी कम से कम वैसी नहीं हो पाई है, जिस स्तर पर शहरी तसवीर है।

गांवों का समृद्ध होना जरूरी है। हाल के दिनों में जनसंख्या को बढ़ाने और न बढ़ाने को लेकर सियासी तौर पर अपने-अपने तर्क दिए जा रहे हैं। इन तर्कों के अपने आधार हो सकते हैं। लेकिन इससे शायद ही कोई इनकार करेगा कि भारत के शहरों की सांस अगर फूल रही है तो इसकी बड़ी वजह उनकी ओर बेतहाशा हो रहा पलायन और उस बड़ी जनसंख्या के लिए इस्तेमाल हो रहे उपभोक्ता वस्तुओं का बड़ा योगदान है। भारत में आबादी बढ़ाने की जगह आबादी के समन्वित और संतुलित वितरण की जरूरत ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में आबादी को रोकने की कोशिश होनी चाहिए। ग्रामीण आबादी को बुनियादी शिक्षा और रोजगार गांवों या उसके आसपास ही उपलब्ध कराने की नीतियों पर आगे बढ़ना चाहिए। अगर ऐसा होगा तो निश्चित तौर पर आबादी को संतुलित किया जा सकेगा। तब गांव आबादी विहीन नहीं होंगे और शहरों पर आबादी का असंतुलित बोझ नहीं बढ़ेगा। गांवों में हो रही खपत और खर्च को लेकर आ रहे आंकड़ों का पहला असर यही होना चाहिए कि गांवों में आबादी रूके। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीण इलाके में बढ़ते खर्च से अव्वल तो गांवों में रोजगार के साधन बढ़ने चाहिए। लेकिन इस दिशा में ठोस बदलाव होते नजर नहीं आ रहे।

बेशक आज आजादी के बाद के दौर की तरह के बदहाल गांव नहीं हैं। बेशक शहरों जितना उसे बिजली नहीं मिलती, लेकिन पहले की तुलना में अब गांवों को भी बिजली ज्यादा मिल रही है। गांवों में भी उपभोक्ता वस्तुएं पहुंची हैं। इससे बेशक पारंपरिक संस्कृति चोट भले ही पहुंची हो। यह भी सच है कि ग्रामीण विकास और दूसरी कल्याण योजनाओं के जरिए गांवों में केंद्रीय और राज्य सरकारों की ओर से पैसा जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि उस पैसे का एक बड़ा हिस्सा जमीनी स्तर पर खर्च होने की बजाय नौकरशाही और राजनीतिक रिश्वत के रूप में शहरी इलाकों में ही रूक रहा है और वहीं निवेशित हो रहा है। इस लिहाज से देखें तो ग्रामीण इलाके में जैसी समृद्धि दिखनी चाहिए, कम से कम जमीनी स्तर पर वैसी समृद्धि नहीं है। गांवों का जैसा रूप होना चाहिए, वैसा नहीं है। इसलिए सिर्फ घरेलू खर्च के जरिए ही गांवों की खुशहाली और समृद्धि की खोज करना उचित नहीं होगा। यह तभी होगा, जब गांवों की खुशहाली और समृद्धि मापने के लिए समन्वित और समावेशी मूल्यांकन प्रणाली अपनाएंगे, जिसमें यह भी देखा जाएगा कि कितनी ग्रामीण आबादी को मजबूरी में गांव पीछे छोड़ना पड़ा है और कितनी आबादी गांव लौट रही है। गांवों के लिए ऐसी समन्वित नीतियां तैयार करना और उन्हें लागू करना होगा, जिनके जरिए परंपरा भी बची रहे, संस्कृति की धारा भी अजस्र बनी रहे, समृद्धि भी आए और गांवों को शहरों का मोहताज नहीं होना पड़े, जैसा महात्मा गांधी चाहते थे।

( ये लेखक के विचार हैं )

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

KJ कांतिलाल ज्वेलर्स
सोने, चांदी एवं गोल्ड जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
सदर बाजार, दुर्ग, 0788-2210274, 4038274
40 आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, फोन: 4060274
Kantilal_jewel@yahoo.com

विशाल ज्वेलर्स
BIS - 916 100% Hallmarked
आभूषण लेना तो हॉलमार्क लेना
नया सराफा, जवाहर चौक, दुर्ग
मो.-9827906406

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110

# श्रीकंचनपथ

भिलाई-दुर्ग

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



## खास खबर

### व्यय लेखा के संबंध में नोडल अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी ने ली अभ्यर्थियों की बैठक

**दुर्ग।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के लिए व्यय लेखा टीम द्वारा आज कलेक्टर कोर्ट में महापौर पद के अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आबंटन के पश्चात व्यय लेखा के संबंध में पेंशन, कोष एवं लेखा नोडल अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार चौबे एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री हरवंश सिंह मिरी ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने व किसी भी प्रकार की रैली, सभा, जुलूस, ध्वनि विस्तार एवं वाहन परमिट के लिए अनुमति लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-ख, छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1961 की धारा 32-ख प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा प्रथम निर्वाचन लेखा की जांच के लिए 4 फरवरी 2025 एवं द्वितीय निर्वाचन लेखा की जांच के लिए 8 फरवरी 2025 को कार्यालय व्यय लेखा नोडल अधिकारी नगर पालिका निर्वाचन दुर्ग (कार्यालय कोष, लेखा एवं पेंशन कलेक्टोरेट परिसर) में सुबह 11 बजे कार्यालयीन समय में निर्वाचन व्यय का दिन-प्रतिदिन का लेखा रजिस्टर व वाउचर की मूलप्रति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### सेवा निवृत्त होने पर सेवानिवृत्त एवं निगम अधिकारी कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को किया साझा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, सहायक राजस्व निरीक्षक तारा पाटिल एवं सहायक राजस्व निरीक्षक कमल स्वर्णकार के रिटायरमेंट पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी। निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल,कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी,दिनेश नेताम,आरके जैन,वीपी मिश्र,धर्मेंद्र मिश्रा,आर.के. बोरकर,रमाकांत शर्मा,विनोद मांझी,संजय मिश्रा एवं अनिल सिंह,शुभम गोइर ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने तीनो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए।विदाई समारोह के दौरान रिटायरमेंट कर्मचारियो को अवकाश नगदीकरण राशि दिया गया। बता दे कि नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रयासों से पूर्व में भी हुए रिटायरमेंट कर्मचारियो को भी अवकाश नगदीकरण राशि दिया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है,आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो,निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।


### नगरीय निकाय चुनाव 2025 में मतदान जागरूकता फैलाने की गई अनोखी पहल

# मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने बच्चों ने किया रचनात्मक प्रयास, दीप जलाकर महिलाओं ने दिया मतदान का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय,त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जाबो कार्यक्रम के तहत जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाताओं को अपने अधिकारों व मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने महिलाओं एवं बच्चों द्वारा अनोखी पहल की गई।

जिसके अंतर्गत महिलाओं ने दीप जलाकर मतदान के महत्व को उजागर किया और यह संदेश दिया कि हर एक वोट लोकतंत्र की मजबूती के लिए अहम है। उनकी इस प्रेरणादायक क्रियावली ने समुदाय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया और सभी को मतदान के प्रति जागरूक करने का







महत्वपूर्ण कार्य किया। इसके साथ ही महिलाओं ने रंगोली बनाकर शत् प्रतिशत् मतदान की शपथ ली और मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया। नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जाबो कार्यक्रम के तहत जिले के विद्यालयों में विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने मनमोहक कलाकृतियों के माध्यम से मतदान के महत्व को सभी तक पहुँचाया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी, जिससे लोगों को मतदान की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके। बच्चों ने ड्रॉइंग के माध्यम से ईवीएम मशीन एवं मतपत्र के माध्यम से मतदान की प्रकिया को बताया। इसके अलावा, उन्होंने प्रेरणादायक नारों के माध्यम से भी मतदान हेतु प्रेरित किया। उनके द्वारा बनाए गए चित्रों और नारों ने मतदाताओं में जागरूकता की लहर पैदा की और चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के प्रयासों ने मतदान प्रक्रिया को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया और सकारात्मक संदेश भी दिया कि मतदान हर व्यक्ति का अधिकार और कर्तव्य है।

## वार्डो की सफाई अभियान में पार्षद अपनी सहभागिता करे सुनिश्चितः आयुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली को स्वच्छ रखने पार्षदों की भूमिका को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने वार्डो की तस्वीर बदलने पार्षदों को सामने आकर अभियान स्वरूप कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने का आव्हान किया। खास बात यह है कि रिसाली निगम स्वच्छता की अलग जगाने फरवरी प्रथम सप्ताह से ही पूरे वार्डो में एक साथ भ्रमण कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है। उक्त बातें उन्होंने पार्षदों की कार्यशाला में कही।

निगम आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में घरों और बाजार क्षेत्र से निकलने वाले मिक्स कचरे की निष्पादन करना चुनौती है। अगर शुरूआती दौर से नागरिकों का सहयोग मिले तो यह कार्य आसान हो जाएगा। अन्यथा एक समय के बाद यह समस्या विकराल रूप में सामने आता है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कार्यशाला में आग्रह की है कि पार्षद की थोड़ी सी सक्रियता रिसाली को सुंदर बना सकती है। केवल जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यशाला में निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, पार्षद रमा साहू, मनीष यादव, सारिका साहू, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, ममता यादव, विलास बोरकर, ईश्वरी साहू, सरीता देवांगन, रंजीता बेनुआ, टीकम साहू, हरिशचन्द्र, शीला नारखेड़े, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, खिलेन्द्र चन्द्राकर, रोहित, सविता ढवस आदि उपस्थित थे।



#### वार्ड का आइना है पार्षद

आयुक्त ने कहा कि फरवरी प्रथम सप्ताह से हम योजनाबद्ध तरीके से सफाई कार्य आरंभ करने का प्रयास कर रहे है। टाउनशिप को छोड़ रिसाली को चार भागों में विभक्त कर 20-20 स्वच्छता मित्र का 2 गैंग बनाए है। सफाई कहा से शुरू करे इसकी रूपरेखा वार्ड पार्षद बताए। आयुक्त ने कहा कि पार्षद वार्ड का आइना है। प्रतिदिन उस वार्ड के नागरिक पार्षद से मुलाकात करते है। उन्हें पता होता है कि सफाई की आवश्यकता कहा होती है। इसलीए वे गैंग का रोस्टर देख स्वयं तय करे कि अभियान की शुरूआत कहा से करे।

#### कर्मचारी करेंगे जागरूक

आयुक्त ने बताया कि निगम के कर्मचारी एक बार फिर नई व्यवस्था के तहत घर-घर दस्तक देंगे। वे गीला व सूखा कचरा को अलग-अलग रखने की न केवल नसीहत देंगे बल्कि यह देखेंगे कि सफाई एजेंसी कचरा कलेक्शन में लापरवाही तो नहीं बरत रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अगर बार-बार समझाईश के बाद नागरिक स्वच्छता नियमों की अनदेखी करेंगे तो निगम कर्मचारी जुर्माना वसूल करेंगे।

#### पार्षद दे ध्यान

आयुक्त ने कहा कि निगम के कई वार्ड में ऐसे स्थान है जहां लोग सार्वजनिक रूप से कचरा फेकते है। ऐसे स्थानों को निगम ने चिन्हित किया है। उस स्थान को बेहतर करने कार्य योजना है, लेकिन यह कार्य पार्षद के सहयोग बिना अधूरा है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि आम नागरिकों को खुला में कचरा न फेकने के लिए प्रेरित करे।

## दुर्ग विश्वविद्यालय में छात्रों के वार्षिक परीक्षा के लिए अंतिम अवसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत सम्मिलित पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर नियमित/स्वाध्यायी विद्यार्थियो हेतु दिनांक 25.01.2025 निर्धारित थी। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम बार परीक्षा आवेदन फॉर्म 03 दिवस के लिए पुनः खोला जा रहा है। जिसका निर्धारित तिथि 03.02.2025 है।

छात्रों हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भराए जाने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा बीए/बीएससी/ बीकॉम/बीसीए तथा स्नातकोत्तर का आवेदन परीक्षा फॉर्म दिनांक 03.02.2025 तक अनिवार्य रूप भर लेंगे। वार्षिक पद्धति के अंतर्गत शामिल महाविद्यालय अपने अंतर्गत अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों से उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि के परीक्षा आवेदन अनिवार्य रूप से भरवाना सुनिश्चित करेंगे।

तत्पश्चात् परीक्षा आवेदन हेतु पुनः अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। परीक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, तथा सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 06.02.2025 तक निर्धारित हैं।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण बीआईटी कॉलेज में दो बैचों में दिया गया। प्रशिक्षण में 1532 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान आज मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के मतदान तथा मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही उनके शंकाओं का समाधान किया गया। प्रत्येक मतदाता अपनी ग्राम पंचायत के वार्ड के पंच के साथ-साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत के सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्य का सीधे चुनाव करेगा।

मतदाताओं की सुविधा के लिए मतपत्र अलग-अलग रंगों के रहेंगे । पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए-पीला तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए-गुलाबी। मतपत्रों में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम और निर्वाचन प्रतीक मुद्रित रहेंगे। प्रत्येक मतदान दल को सामान्यतया एक बड़ी मतपेटी दी जाएगी।

## जिला पंचायत सदस्य 16 नामांकन सहित अनेकों नामांकन हुए जमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 में जिला दुर्ग अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनवद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 27 जनवरी 2025 से प्रारंभ हो गई है तथा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारिख 03 फरवरी 2025 समय 10.30 बजे से 3.00 बजे तक निर्धारित है। जिला पंचायत सदस्य हेतु नामांकन जिला पंचायत भवन दुर्ग में एवं जनपद पंचायत सदस्यहेतु नामांकन विकासखण्ड मुख्यालय स्थित संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय दुर्ग/धमधा/पाटन में प्राप्त किया जा रहा है। पंच एवं सरपंच पद हेतु तीनो



जनपद पंचायत क्षेत्र में विभिन्न सेक्टर / कलस्टर मुख्यालय प्राप्त किये जा रहे है। जिला पंचायत सदस्य के लिए आज 31 जनवरी 2025 को 16 नामांकन रिटर्निंग अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे के द्वारा प्राप्त किया गया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत पंच पद हेतु 822 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, सरपंच पद हेतु 125 नामांकन पत्र प्राप्त हुए आरै जनपद सदस्य हेतु 33 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मीना साहू एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गये तथा जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत पंच पद हेतु 614 नामांकन पत्र प्राप्त किये गये, सरपंच पद हेतु 98 नामांकन पत्र प्राप्त किये, जनपद सदस्य हेतु 34 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्री पंचराम सलामे एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गये। जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र पंच पद हेतु 679 नामांकन पत्र प्राप्त किये है, सरपंच पद हेतु 146 नामांकन पत्र प्राप्त किये और जनपद सदस्य हेतु 31 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्री तारसिंह खरे एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गय प्राप्त किये गये।

## रावघाट लौह अयस्क खदान में 40वां खान वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान में खान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर एवं रायगढ़ परिक्षेत्र के तत्वाधान में 40वें खान वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। सुरक्षा पखवाड़ा के तहत खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। निरीक्षण दल के संयोजक सहायक महाप्रबंधक हेमंत उपाते थे तथा सदस्य के रूप में सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, वरिष्ठ अभियंता भानु मिश्रा तथा वर्कमैन इंस्पेक्टर मुकेश गुप्ता उपस्थित थे।

बिलासपुर परिक्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक आर के सिंह तथा खान सुरक्षा उपनिदेशक अरुण कुमार के मार्गदर्शन में इस समारोह की रूपरेखा तैयार की गई तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल का गठन किया गया।

निरीक्षण का शुभारंभ बीएसएफके अंजरेल कैंप से किया गया। निरीक्षण दल ने कर्मचारियों में जागरूकता लाने हेतु आयोजित स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन किया। वनांचल क्षेत्र में पुलिस तथा



बीएसएफ के जवानों द्वारा सुरक्षा हेतु किया जा रहे प्रयासों की जानकारी निरीक्षण दल को दी गई।

मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार के नेतृत्व में रावघाट खदान को धातु युक्त खान विनियम 1961 में उल्लेखित समस्त सुरक्षा दिशा-निर्देशों के अनुसार न केवल दुरुस्त किया गया बल्कि खदान के समस्त इकाइयों को साफसफाई तथा रंग-रोगन करके प्रदर्शन योग्य बनाया गया।

कार्यक्रम के संयोजक हेमंत उपाते ने अपने उद्बोधन में रावघाट प्रबंधन द्वारा सुरक्षित कार्य प्रणाली हेतु किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की सराहना की तथा कठिन परिस्थितियों में सुरक्षित उत्खनन कार्य में आने वाली चुनौतियों पर अपनी अंतदृष्टि साझा की।

कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ उपस्थितजनों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा सहायक महाप्रबंधक (रावघाट) डी एन रस्तोगी, खान प्रबंधक कौशल किशोर गुप्ता तथा जियोलॉजिस्ट अनूप पराते ने रावघाट खदान में किए जा रहे खनन कार्य तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली हेतु किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात निरीक्षण दल ने रावघाट खदान के समस्त इकाइयों का भ्रमण व अवलोकन किया।

सहायक महाप्रबंधक डी एन रस्तोगी ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया एवं कौशल किशोर गुप्ता द्वारा खदान की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान खदान के कर्मियों द्वारा सुरक्षित कार्य प्रणाली को दर्शाते हुए नुक्कड़ नाटक, सुरक्षा गीत एवं सुरक्षा प्रहसन का प्रदर्शन किया गया।

निरीक्षण के पश्चात दल का स्वागत व्यू प्वाइंट पर आयोजित सुरक्षा समारोह में किया गया जहां बड़ी संख्या में खदान के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा दूतों तथा इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन सहायक महाप्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों द्वारा खोड़गांव डिस्पेंसरी में वृक्षारोपण किया गया व डॉ जितेश वर्मा ने डिस्पेंसरी एवं फर्स्ट एड रूम की विस्तृत जानकारी दी।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### चेंबर निर्वाचन समिति की बैठक 3 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वर्ष 2025 की चुनाव प्रक्रिया संबंधी निर्वाचन समिति की आगामी बैठक 3 फरवरी, मंगलवार को शाम 5 बजे चेंबर भवन में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा बुलाई गई है। जिसमें वह अपने निर्वाचन अधिकारियों के साथ चेंबर चुनाव संबंधी प्रारंभिक निर्वाचन कार्यवाही एवं मतदान तिथि तथा मतदान केंद्र निर्धारण के संबंध में विस्तृत चर्चा करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए चेंबर निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा ने बताया कि आयोजित बैठक में चेंबर चुनाव संपन्न कराने हेतु वांछित व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा तथा मतदान की तिथि के सन्दर्भ में निर्णय लिया जाएगा।

### 9 फरवरी को होगी छत्तीसगढ़ राज्य सेवा प्रीलिम्स परीक्षा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 की लिखित परीक्षा 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित की जाएगी। इसके लिए परीक्षा तिथि के 10 दिन पहले आयोग की ओर से प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। किसी भी अभ्यर्थी को अलग से व्यक्तिगत प्रवेश पत्र आयोग के माध्यम से नहीं भेजा जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा के लिए प्रदेशभर के 33 जिला मुख्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा दो पालियों में होगी। इसके तहत, पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। यह परीक्षा राज्य के प्रमुख शहरों जैसे बिलासपुर, बैकुंठपुर, रायपुर, रायगढ़, कोरबा, बीजापुर, सुकमा और बेलतरा में आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य सेवा प्रीलिम्स परीक्षा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले कैंडिडेट्स को आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। जिसके बाद होमपेज पर एसएसई एडमिट कार्ड 2024 लिंक पर क्लिक करें, फिर अपना लॉगिन विवरण दर्ज कर सबमिट करें। एडमिट कार्ड जांचें और फिर डाउनलोड कर लें।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट 22 से

**रायपुर।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 22 फरवरी से 16 मार्च तक होने जा रहा है। लीग का उद्घाटन मैच मुंबई में भारत और श्रीलंका के लीजेंड्स खिलाड़ियों के बीच होगा जबकि सेमीफाईल और फायनल मैच नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा लीग के 4 और मैच इसी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा 6 अंतरराष्ट्रीय टीमें श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भाग ले रही है जिनके लीजेंड्स सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, कुमार संगकारा, शेन वॉटसन, इयोन मोर्गन, जैक्स कैलिस के अलावा अन्य दिग्गज क्रिकेटर यहां क्रिकेट खेलने आने वाले है। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 8 मार्च को इंडिया बनाम वेस्टइंडीज के बीच खेले जाने वाले मुकाबले से होगी। इस टूर्नामेंट का डिज्नी हॉट स्टार और कलर्स सिनेप्लेक्स में लाइव प्रसारण किया जाएगा।

# वार्षिक उत्सव में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने किया रैंप वॉक, दी शानदार प्रस्तुति






श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्टेज पर जब छोटे स्कूली बच्चों ने रैंप वॉक किया और वो देश मेरा के रीमिक्स पर थिरके तो उनकी मासूमियत व शानदार प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाया। अवसर था करियर पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का,जो विगत दिनों मायाराम सुरजन लोकायन हॉल में संपन्न हुआ। बच्चों ने और भी एक से बढ़कर एक कार्यक्रम से दर्शकों का दिल जीत लिया। कुछ संदेशात्मक कार्यक्रम भी पेश किया गया।

वार्षिकोत्सव की शुरुआत सरस्वती व गणेश वंदना से हुई। डॉ. गजेन्द्र सर और प्रधान अध्यापिका श्वेता सिन्हा ने स्कूल के सालाना गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पार्षद विश्वादिनी पांडे ने स्कूली बच्चों को कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई करते हुए अपने सपनों का साकार करने के लिए आगे बढने् की सीख दी। शीलू शर्मा मैम ने मंच संचालन किया। विभिन्न केटेगरी में बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य प्रतिभा के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। एक अनूठा कार्यक्रम अंताक्षरी का जोड़ा गया जिसमें स्कूल परिवार व अभिवावकगण शामिल रहे। इसके बाद सिलसिला शुरु हुआ बच्चों के शानदार कार्यक्रम का। स्वागत नृत्य के बाद नर्सरी के बच्चों ने रैंप वॉक से दिल जीत लिया।

धार्मिक प्रस्तुति में मैय्या यशोदा,बम-बम भोले,रामायण (जन्मोत्सव से राज्याभिषेक तक), राम आएंगे का मंचन किया गया। गुलाबी सरारा पर पहली कक्षा के बच्चों ने डांस किया। भारत माता की झांकी निकाली गई,वो देश मेरा के रीमिक्स पर भी थिरके। पश्चात बरसो रे मेघा, इतनी सी हंसी-इतनी से खुशी, बावन गज का, गरबा रीमिक्स, मशी, झूम बराबर झूम, स्कूल चले हम, गाड़ी वाला, अप्सरा जैसे शानदार प्रस्तुति दी गई।

# फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज का प्रतिनिधिमंडल मिले विस अध्यक्ष से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** फेडरेशन ऑफएजुकेशनल सोसाइटीज रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट कर आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित छात्रों की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि के नियमित भुगतान तथा राशि में वृद्धि विषयक और विद्यालय फीस विनियामक समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क आरटीई पोर्टल में प्रविष्ट करने के लिए निवेदन किया गया। प्रतिनिधि मंडल में अजय तिवारी, डॉ. सुरेश शुक्ला, अशोक पटेल,अरविंद शर्मा, वीके मिश्रा, शीबा चंडोक, रेणु हैंगर, रितेश पुरोहित, आचार्य अर्पितानंद शामिल थे।

विदित हो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 के अंतर्गत प्रवेशित छात्र - छात्राओं की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान विलंब से किया जाता है। प्राय: यह विलंब दो से तीन वर्षों की होती है इससे निजी शालाओं के रख रखाव एवं सुचारु रुप से संचालन पर विपरीत असर पड़ता है। निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार संशोधन अधिनियम 2012 में स्पष्ट उल्लेख है कि धारा 12 की उपधारा दो के साथ पठित धारा 7 की उप धारा 2 के अधीन प्रतिपूर्ति राशि राज्य सरकार द्वारा समय समय पर विनिश्चित किए गए अनुसार प्रत्येक वर्ष के शैक्षणिक सत्र के अंत में मार्च में की जाएगी, किंतु यह राशि प्रति वर्ष के अंत में मार्च में भुगतान नहीं होती है ।

इस संदर्भ में फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ . रमन सिंह से मुलाकात कर निवेदन किया गया कि प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नियमत हो प्रत्येक सत्र की राशि उसी सत्र के अंत में मार्च माह तक प्रदान किया जाए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 में शुल्क प्रतिपूर्ति राशि का जो निर्धारण किया गया था वह लगभग 12 वर्षों के बाद भी यथावत है परंतु यह राशि किसी से छिपी नहीं है कि तब से हर चीज की कीमतों में कितने अधिक वृद्धि हो चुकी है साथ ही विभिन्न बोर्ड के द्वारा लिए जाने वाले विभिन्न शुल्क में वृद्धि हो चुकी है ।

अत: निजी शालाओं के खर्चे भी उसी अनुपात में बढ़ रहे हैं अत: वही प्रतिपूर्ति राशि अभी भी दिया जाना न्याय उचित नहीं है। अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख की सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में प्रति छात्र प्रतिवर्ष जो राशि खर्च होता है उसी आधार पर प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण किया जावे। इस विषय पर भी डॉ. रमन सिंह से निवेदन किया गया कि प्रति छात्र उपगत व्यय के आधार पर प्रतिवर्ष प्रतिपूर्ति राशि की समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक वर्ष के अंत में मार्च तक संशोधित शुल्क का निर्धारण एवं संशोधित शुल्क का भुगतान सुनिश्चित किया जाए ,देश के अन्य राज्यों में यह व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो चुकी है।

आर टी ई पोर्टल में प्रोफाइल अपडेट करते समय प्रदेश के अधिकांश स्कूलों ने नोडल के निर्देशानुसार स्कूल फीस में विद्यालय विनियामक समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक शुल्क के बदले शासन द्वारा निर्धारित आरटीई शिक्षण शुल्क अधिकतम 7000 कक्षा नर्सरी से पांचवी तक तथा 11400 रुपए कक्षा छटवीं से आठवीं तक 15000 कक्षा 9वीं से 12वीं तक की एंट्री कर दी गई थी जबकि नियमानुसार फीस विनियामक समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क की ही प्रविष्टि होनी चाहिए ,चुकी अभी 30 जनवरी तक पोर्टल प्रोफाइल अपडेट करने के लिए विद्यालय स्तर पर खोला गया था उपरोक्त गलत जानकारी के कारण अधिकांश स्कूलों ने शिक्षण शुल्क का अपडेशन नहीं किया है अत: महोदय से निवेदन किया गया कि विद्यालय की फीस विनियम समिति द्वारा अनुमोदित शुल्क प्रविष्ट करने का अवसर प्रदान की जाएं अन्यथा विद्यालयों को अतिरिक्त आर्थिक हानि होगी और साथ ही पोर्टल की अवधि बढ़ाने के लिए भी मांग की रखी गई।




# निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने गंदगी फैलाने वाले मछली दुकानदारों को दिया नोटिस



श्रीकंचनपथ न्यूज

### दुकानों की साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने दिए सख्त निर्देश

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त पंकज शर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड नम्बर 12 के क्षेत्र में मंडी गेट के पास मछली दुकानों की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गन्दगी पाए जाने एवं गैर बायो डिग्रेडेबल पदार्थों को नाली में डाल दिए जाने के कारण इससे नाली में जाम होना एवं पर्यावरण को इससे क्षति पहुंचने की आशंका को पाया, जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण पर विपरीत प्रभाव को आशंका बनी हुई है। इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने मंडी गेट के मछली दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अपने दुकानों की सफाई व्यवस्था अच्छी बनाये रखने के निर्देश दिए है, अन्यथा की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी सम्बंधित सभी मछली दुकानदारों को दी है।

# निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 1 एवं 2 के क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जोन 1 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, डीके पैकरा, पीडी धृतलहरे, अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

आयुक्त ने निगम जोन 1 क्षेत्र के अंतर्गत खमतराई शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मतदान केन्द्र का अवलोकन किया। यहां निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पिंक मतदान केन्द्र की व्यवस्था दी जा रही है। पं. काशीराम शर्मा शासकीय स्कूल भनपुरी के 15 मतदान केन्द्रों, भनपुरी स्कूल के 10 मतदान केन्द्रों, महावीर स्कूल के 10 मतदान केन्द्रों एवं नगर निगम जोन 2 के क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा कॉलेज एवं निवेदिता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, लायन्स क्लब ग्रेटर हाल निवेदिता स्कूल परिसर गुरुनानक चौक के सभी मतदान केन्द्रौं की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को सभी मतदान केन्द्रों में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ( स्थानीय निर्वाचन ) के दिशा-निर्देश अनुसार सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं तत्काल प्राथमिकता से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार छाया की व्यवस्था करवाने, रेम्प बनवाने, वाल राइटिंग करवाने, सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था शौचालय की सफाई व्यवस्था और सभी मतदान केन्द्रों के सम्पूर्ण परिसरों में स्वच्छता कायम करने का कार्य करने के निर्देश नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों को दिए।




### जेल रोड, देवेन्द्र नगर मार्ग और मारवाड़ी श्मशानघाट मुख्य मार्ग को किया अतिक्रमण मुक्त

पांचवें दिन रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर पालिक निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम और जिला पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग द्वारा संयुक्त अभियान राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने, शिक्षण संस्थाओं के पास नशे के सामानों का विक्रय किये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने एवं कतिपय असामाजिक गतिविधियों पर नगर हित में प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुकूल कड़ाई के साथ कारगर अंकुश लगाने को दृष्टिगत रखकर अभियान जारी रखा गया।



इस क्रम में जनहित में जनसुविधा हेतु नगर वासियों को सुगम यातायात देने अभियान लगातार छठवें दिन डीएसपी सतीश ठाकुर, रायपुर नगर पालिक निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग आशुतोष सिंह, नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग उप अभियंता अंजलि बारले सहित नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग और जोन 2 नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में चलाया गया।

राजधानी शहर रायपुर में मेकाहारा के सामने मुख्य मार्ग जेल रोड, देवेन्द्र नगर मुख्य मार्ग होकर मारवाड़ी श्मशानघाट मुख्य मार्ग के क्षेत्र तक अभियान चलाकर नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग के उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग की टीम ने रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के सहयोग से अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इस दौरान लगभग 30 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण मेकाहारा के सामने मुख्य जेल रोड, देवेन्द्र नगर मुख्य मार्ग होकर मारवाड़ी श्मशानघाट मुख्य मार्ग क्षेत्र तक से हटाए गए और नागरिकों को सुगम यातायात देने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए राहत दिलवाई गयी। टीम प्रहरी का लोकहितेषी अभियान जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नागरिकों को सुगम यातायात उपलब्ध करवाने आगे भी जारी रहेगा।

### अपर आयुक्त शर्मा ने नाला व तालाब सफाई का किया निरीक्षण



रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गो की सफाई को व्यवस्थित करने लगातार अभियान जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखकर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त स्वास्थ्य पंकज शर्मा ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, जोन 5 जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 5 के क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी शहर के सुन्दर नगर मुख्य मार्ग के नाले की पोकलेन मशीन से सफाई करवाने के अभियान एवं मुख्य मार्ग सुन्दर नगर में रोहिणी पुरम तालाब की सफाई मित्रों की सहायता से तालाब के घाट एवं किनारों को स्वच्छ बनाने के मेन्युअल अभियान सहित नगर निगम एवं जोन 6 क्षेत्र के अंतर्गत रिंग रोड क्षेत्र में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।












# एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की हॉट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया तहलका, लुक देख दीवाने हुए फैंस

**बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग पोज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।**



श्वेता तिवारी हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण फैंस के बीच सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने एक बार फिर से अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पर्पल कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही हैं। श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, इंस्टाग्राम पर उनकी उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को फॉलो करते हैं।

# आकांक्षा पुरी डॉन्स एंड डार्लिंग्स में विभिन्न पहलुओं को निभाने खुद को मानती हैं भाग्यशाली



**टीवी अभिनेत्री आकांक्षा पुरी ने हाल ही में अपनी नवीनतम परियोजना डॉन्स एंड डार्लिंग्स में अपने चरित्र के विभिन्न पहलुओं को तलाशने के अवसर के लिए अपनी उत्तेजना व्यक्त की।**

अभिनेत्री ने बताया कि वह अपनी भूमिका की जटिलताओं और विविध पहलुओं को समझने में कितनी भाग्यशाली महसूस कर रही हैं, उन्होंने इस किरदार की गहराई और बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया। शो में एक शक्तिशाली डॉन की बेटी नाज़ का किरदार निभाने वाली आकांक्षा ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन से बिल्कुल अलग किरदार निभाया है। एक सहायक पुलिस आयुक्त की बेटी के रूप में, उन्होंने अपनी वास्तविक जीवन की पृष्ठभूमि से बहुत दूर एक ऐसी दुनिया की खोज की, जिसमें उन्होंने खुद को नाज़ के जीवन और रिश्तों की जटिलताओं में डुबो दिया।

पुरी ने बताया, नाज़ मुझसे बहुत अलग है और यही बात इस भूमिका को रोमांचक बनाती है। एक कलाकार के तौर पर, मैं एक ही किरदार में इतने सारे रंग तलाशने के लिए भाग्यशाली रही। नाज़ एक बेटी, एक पत्नी, एक प्रेमिका और सबसे शक्तिशाली परिवार का हिस्सा है। फिर भी, वह बस प्यार चाहती है। मुझे विश्वास है कि बहुत से लोग उसके संघर्ष और भावनाओं से जुड़ेंगे। अपने सह-कलाकारों के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए आकांक्षा ने कहा कि यह अनुभव सहज और सुखद रहा। उन्होंने बताया हालांकि मैं किसी को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता था या पहले उनके साथ काम नहीं किया था, फिर भी तालमेल स्वाभाविक था और हर कोई अच्छी तरह से तैयार था इससे शूटिंग आसान हो गई।

एएलटीटी के साथ अपने सहयोग के बारे में बात करते हुए, पूर्व बिग बॉस ओटीटी प्रतियोगी ने कहा, हनी ट्रैप स्चाड के बाद एएलटीटी के साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है। उनके साथ काम करना हमेशा खुशी की बात होती है। वे रचनात्मक दृष्टि के बारे में बेहद संगठित और स्पष्ट हैं, जो प्रक्रिया को कुशल और सुखद बनाता है। मैं उनके साथ फिर से सहयोग करना पसंद करूंगी। संबंधित बात यह है कि, डॉन्स एंड डार्लिंग्स में नागिन-प्रसिद्ध मनीष खन्ना और बेहद-प्रसिद्ध इमरान खान भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह थ्रिलर 27 दिसंबर 2024 को एएलटीटी पर रिलीज़ किया गया।

वेब सीरीज़ दो कुख्यात गैंगस्टर, सिकंदर और बलराज के इर्द-गिर्द घूमती है, जो आगामी चुनाव में एक स्थान के लिए होड़ कर रहे हैं। दोनों का सपना शहर पर नियंत्रण करना और जीत हासिल करने के बाद एक शक्तिशाली आपराधिक साम्राज्य का निर्माण करना है। हालाँकि, उनकी महत्वाकांक्षाएँ केवल सत्ता पर केंद्रित नहीं हैं, क्योंकि वे हर दिन अलग-अलग महिलाओं के साथ जंगली, कामुक रातें भी बिताते हैं।






# करणवीर ने शिल्पा शिरोडकर को किस करने से भड़की चुम दरांग?

## 'गर्लफ्रेंड' को मनाते दिखे एक्टर

**बिग बॉस-18 के कंटेस्टेंट्स का मच अवेटेड री-यूनियन हुआ। करणवीर मेहरा शिल्पा शिरोडकर दिग्विजय राठी और चुम दरांग मुंबई में एक साथ स्पॉट हुए और पैपराजी ने उन्हें अपने कैमरे में कैद कर लिया। इसी बीच कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। चुम दरांग करणवीर से नाराज दिखीं वो शिल्पा शिरोडकर की वजह से। वीडियो से फैंस यही कयास लगा रहे हैं।**

विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 18 के घर में कई दोस्त बने तो कई दुश्मन। किसी के बीच नजदीकियां बढ़ीं तो कुछ दोस्त भी अलग हो गए। मगर कुछ की बॉन्डिंग कोई नहीं तोड़ पाया। करणवीर मेहरा, चुम दरांग, शिल्पा शिरोडकर और दिग्विजय राठी के साथ भी कुछ ऐसा ही है। बिग बॉस 18 के घर में इन चारों के बीच अच्छी दोस्ती देखने को मिली थी। करणवीर और चुम के बीच तो रोमांटिक बॉन्ड है। शो से निकलने के बाद कयास लग रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में, यह चारों एक साथ मुंबई में स्पॉट हुए।

## चुम का चढ़ा पारा

बिग बॉस 18 के बाद करणवीर का चुम, शिल्पा और दिग्विजय के साथ री-यूनियन हुआ। इस दौरान चुम, करण की एक हरकत के चलते गुस्से में दिखीं। इंस्टैंट बॉलीवुड द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में देखा जा सकता है कि शिल्पा करण से मिलने आती हैं और वह अभिनेत्री के गाल पर किस कर लेते हैं।

इसके बाद करण कुछ ऐसा कहते हैं कि चुम दरांग का गुस्सा चढ़ जाता है। दोनों की नोक-झोंक देख शिल्पा और दिग्विजय हंसने लगते हैं और दूसरी ओर करण चुम को मनाने में जुट जाते हैं। चुम का पारा बढ़ गया था। वीडियो वायरल होने के बाद फैंस को लग रहा है कि चुम शिल्पा से जेलस हो गईं।

## चुम को हुई शिल्पा से जलन?

एक यूजर ने लिखा, 'परफेक्ट रिएक्शन।' एक ने कहा, 'क्या उन्हें जलन हुई या कुछ और?' एक ने कहा, 'चुम सोच रही होगी- तू मिल बेटा बाद में।' एक यूजर ने कमेंट किया, 'करण के हाव-भाव गलत हैं इसलिए दोस्त ने ऐसा रिएक्ट किया।' एक ने कहा, 'उन्हें जलन हुई।' हालांकि, कुछ फैंस ने कहा है कि चुम को जलन नहीं हो रही है, बल्कि करण लेट से वहां पहुंचे हैं, इसलिए वह गुस्सा हुईं। मालूम हो कि करणवीर मेहरा शिल्पा शिरोडकर को बिग बॉस 18 के घर में मां कहकर बुलाते थे। शो में दोनों की बॉन्डिंग को काफी पसंद किया गया था। शो खत्म होने के बाद भी वे अच्छे दोस्त हैं।

# इंटरनेशनल लेवल पर जलवा बिखेरेगी छावा, भारत व रूस में भी रिलीज होगी



विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर छावा 14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। उसके पहले फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल फिल्म इंटरनेशनल बनने वाली है इसकी शुरुआत रूस में फिल्म की रिलीज से हो रही है। छावा भारत के साथ ही रूस में 14 फरवरी को रिलीज होगी।

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अपनी की अपकमिंग पीरियड फिल्म छावा को मेकर्स रूस में रिलीज करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित यह पीरियड ड्रामा 14 फरवरी को रूस और भारत में एक साथ रिलीज होने वाली है। यह फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही दर्शक अब 14 फरवरी का इंतजार कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म रुस में कैसा प्रदर्शन करती है।

रिलीज से पहले छावा को विरोध का सामना करना पड़ा है, हालांक यह पहली बार नहीं है जब कोई हिस्टोरिकल फिल्म विवादों में पड़ी हो। इसके पहले भी कई पीरियड फिल्मों के खिलाफ आवाज उठाई गई है। इसी बीच छावा का ट्रेलर रिलीज होते ही छत्रपति संभाजी महाराज को नृत्य करते हुए दिखाने पर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और महाराष्ट्र में फिल्म की रिलीज रोकने की मांग उठाई।

ट्रेलर रिलीज के बाद पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को लेजिम बजाते हुए दिखाना ठीक है लेकिन उन्हें नाचते हुए दिखाना गलत। वहीं महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने फिल्म के मेकर्स को चेतावनी दी कि अगर फिल्म में कोई भी आपत्तिजनक सीन दिखाया गया जिसमें संभाजी महाराज की इमेज को नुकसान पहुंचा तो इसे रिलीज नहीं होने देंगे। जिसके बाद छावा के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने एमएनएस चीफ राज ठाकरे से मुलाकात कर आश्वासन दिया कि फिल्म से विवादित सीन हटा दिए जाएंगे।

# रेस्टोरेंट या बाहर का खाना खाने से अब नहीं बढ़ेगा वजन

**वीकेंड हो या कोई त्योहार हम में से ज्यादातर लोग अपने परिवार के साथ अक्सर डिनर और लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाना पसंद करते हैं। वहीं घर से बाहर रहने वाले स्टूडेंट या नौकरी करने वाले लोग भी ज्यादातर समय खाना ऑनलाइन ही ऑर्डर करते हैं। ऐसे में हम जब भी खाना रेस्टोरेंट से ऑर्डर करते हैं तो कई लोग सलाह देते है कि बाहर का खाना खाने से वजन बढ़ जाएगा और मोटापा कि समस्या घेर लेगी। क्योंकि, बाहर खाए जाने वाले भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में ज्यादा कैलोरी और फैट होती है और बाहर खाना अनजाने में वजन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। हालांकि, कुछ रणनीतियां हैं जिनका उपयोग करके आप भोजन योजना का पालन करते हुए भी बाहर खाने का आनंद ले सकते हैं।**

न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे रेस्टोरेंट के कुछ खास फूड आइटम्स आपका वेट कम करने में आपकी मदद कर सकता है। चलिए उन फूड आइटम्स के बारे में जानें। होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाते या ऑर्डर करते समय इन 10 हेल्दी और वेट कम करने वाले फूड आइटम्स का जरूर रखें ध्यान

सुशी- कम कैलोरी, हाई फाइबर का सबसे अच्छा ऑप्शन है। ब्राउन चावल और सब्जी से भरे इस रोल का ऑप्शन जरूर चुनें।

पनीर टिक्का- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के लिए पनीर टिक्का का ऑप्शन बेहतर है। इसे सब्जियों और साबुत अनाज के साथ खाएं।

वेजिटेबल कबाब- लो कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर ग्रिल्ड या रोस्टेड कबाब का विकल्प चुनें।

भूनी हुई सब्जियां और पनीर- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के साथ भूनी हुई सब्जियां और पनीर का ऑप्शन जरूर चुनें, इसके साथ साबुत अनाज चुनें और ज्यादा सब्जियां खाएं।

सब्जी दाल सूप- कम कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ऑप्शन के लिए चुनें।

खिचड़ी- कम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत अनाज, दाल और सब्जियों से बना खिचड़ी

स्टीम्ड वेजिटेबल डम्प्लिंग- मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत गेहूं या सब्जी आधारित रैपर चुनें।

होल व्हीट मशरूम रैप- मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए अधिक मात्रा में सब्जियां खाएं और कम कैलोरी वाले सॉस का चुनाव करें।

क्विनोआ बाउल विद ग्रिल्ड पनीर- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी विकल्प के लिए इसे चुनें। बता दें, क्विनोआ फाइबर प्रदान करता है, जबकि पनीर प्रोटीन प्रदान करता है।

बेसन चीला- मीडियम कैलोरी, हाई प्रोटीन ऑप्शन के लिए बेसन, सब्जियों और मसालों से बनाया गया चीला चुनें।

## ऑर्डर करते समय, याद रखें

* रिफाइंड अनाज, की जगह साबुत अनाज चुनें।
* अधिक मात्रा में सब्जियां और फलियां खाएं।
* ग्रिल्ड, रोस्टेड या स्टीम्ड विकल्प चुनें।
* ज्यादा कैलोरी और चीनी वाले सॉस और ड्रेसिंग का सेवन सीमित करें।
* खूब पानी पियें और मीठे पेय पदार्थों का सेवन सीमित करें।
* इन विकल्पों को चुनकर, आप अपने वजन घटाने के लक्ष्य और समग्र कल्याण में सहायता करेंगे।

# मोहम्मद सिराज को डेट कर रही हैं माहिरा शर्मा?

## एक्ट्रेस की मां ने तोड़ी चुप्पी, कहा- 'लोग पॉपुलैरिटी'



माहिरा शर्मा, जो 'बिग बॉस 13' से फेमस हुईं, इन दिनों अपने निजी जीवन को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में खबरें आईं कि वो इंडियन क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को डेट कर रही हैं। ये खबर तेजी से वायरल हो गई, लेकिन अब माहिरा की मां ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सामने रखा है। माहिरा शर्मा की डेटिंग को लेकर अफवाहें तब शुरू हुईं जब मोहम्मद सिराज ने इंस्टाग्राम पर माहिरा की फोटो लाइक कीं। इसके बाद, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों एक-दूसरे को जानने के लिए समय बिता रहे थे और रोमांटिक रूप से जुड़े हुए थे। हालांकि, माहिरा ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और अफवाहें और बढ़ गईं।

## माहिरा की मां का बयान

माहिरा की मां, सानिया शर्मा ने इन अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी और इनको पूरी तरह से नकारा किया। उन्होंने कहा कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है और ये सब महज अफवाहें हैं। सानिया ने कहा- 'लोग अपनी मनगढ़ंत बातें बना रहे हैं क्योंकि माहिरा अब एक सेलिब्रिटी हैं। कोई भी उसका नाम किसी के साथ जोड़ सकता है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि ये सच हो।'

माहिरा शर्मा हमेशा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चुप रही हैं। 'बिग बॉस' के बाद से उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ी और लोगों ने उनकी जिंदगी को लेकर कई तरह की अफवाहें फैलानी शुरू कर दीं। इससे पहले, माहिरा का नाम एक्टर पारस छाबड़ा के साथ जुड़ा था, लेकिन उनका रिश्ता टूट गया और दोनों ने इस पर कभी खुलकर बात नहीं की।

## क्या सच में माहिरा और सिराज के बीच कुछ है?

वर्तमान में, माहिरा शर्मा और मोहम्मद सिराज के बीच डेटिंग की अफवाहें खत्म नहीं हो रही हैं। हालांकि, माहिरा की मां ने इन अफवाहों को झूठा बताया है और कहा कि लोग बस उनकी पॉपुलैरिटी का फायदा उठाकर ऐसी खबरें बना रहे हैं। इस तरह, माहिरा और मोहम्मद सिराज के डेटिंग की अफवाहों को लेकर अब तक कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया है और माहिरा की मां ने साफ तौर पर इनका खंडन किया है।

# हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक हैं ये चीजें

**भागदौड़ भरी जिंदगी, काम का दबाव, अनहेल्दी डाइट और खराब जीवनशैली के कारण सेहत पर बुरा असर पड़ता है। विशेषज्ञों का कहना है कि हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है खराब जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण यह तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि खान-पान का ध्यान न रखा जाए तो यह कई बीमारियों का कारण बन सकता है। जिसमें हृदय संबंधी समस्याएं, किडनी संबंधी रोग और लकवे का खतरा जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं।**

जैसे कि हम सभी को पता है कि हाई बीपी वाले लोग अक्सर दवा पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इसे अच्छी जीवनशैली और उचित खान-पान से भी नियंत्रित किया जा सकता है।। ऐसे में मरीजों के लिए ये जानना बहुत जरूरी है कि क्या खाएं और क्या नहीं? विशेषज्ञों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को कुछ फूड आइटम्स को भूलकर भी नहीं खाने चाहिए। अगर लोग परहेज करने वाली चीजें खाएंगे तो ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ सकती है। ऐसे में जानें, हाइपरटेंशन के



मरीजों को क्या खाना चाहिए? कौन से खाद्य पदार्थ नहीं खाने चाहिए? क्या कहते हैं विशेषज्ञ।

## प्रोसेस्ड फूड

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को प्रोसेस्ड फूड आइटम्स से बचना चाहिए। बाजार में मिलने वाले चिप्स, नमकीन और पैकेज्ड स्नैक्स खाने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ सकता है, क्योंकि इनमें सोडियम की मात्रा अधिक होती है। सोडियम के कारण ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ता है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को कोल्ड ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स नहीं पीना चाहिए।

## ज्यादा नमक का सेवन

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को ज्यादा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। हाई बीपी वालों के लिए नमक खतरनाक है। नमक में सोडियम की मात्रा अधिक होती है, जिससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ता है। इसलिए मरीजों को पर्याप्त नमक ही लेना चाहिए और अधिक नमक से बचना चाहिए।

## चीनी या मिठाई

हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को मीठा खाने से बचना चाहिए। मिठाइयों से शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है। इससे आपका वजन बढ़ता है और दिल पर अधिक दबाव पड़ता है।

## चाय कॉफी

चाय और कॉफी में कैफीन बड़ी मात्रा में पाया जाता है। कैफीन ब्लड प्रेशर बढ़ाता है। इसलिए दिन में 2 कप चाय या 1 कप कॉफी पिएं। इससे ज्यादा लेने पर खतरा बढ़ जाता है।

## हाई ब्लड प्रेशर में क्या खाएं?

अभी के समय में खराब जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण ब्लड प्रेशर की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। खासकर युवा वर्ग बीपी समेत कई समस्याओं से प्रभावित है। क्योंकि युवाओं की जीवनशैली पूरी तरह से बिगड़ती जा रही है। इस कारण वे इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में हाइपरटेंशन के मरीजों को अपने बीपी (ब्लड प्रेशर) को कंट्रोल में रखने के लिए अच्छी डाइट लेनी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, हाइपरटेंशन के मरीजों को ताजे फल, हरी सब्जियां, साग का सेवन करना चाहिए। साथ ही ऐसा भोजन लेना चाहिए जिसमें विटामिन, मिनरल्स और फाइबर पर्याप्त मात्रा में हो।

फल-सब्जियां और सब्जियां: हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को ताजे फलों का सेवन करना चाहिए। संतरा, तरबूज, केला, पपीता जैसे फलों में पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। वहीं, पालक, सलाद जैसी हरी सब्जियां और ब्रोकोली, गाजर और बीन्स जैसी सब्जियां खनिजों से भरपूर होती हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करती हैं। इसलिए, इन रोगियों को ज्यादा मात्रा में ताजे फल, साग और सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

अनाज: बीपी के मरीजों को अनाज खाना चाहिए। जई, ब्राउन चावल, नट्स, पेसरा, दालें और अन्य साबुत अनाज में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है। फाइबर रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है।

नट्स: हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को अपने आहार में नट्स भी शामिल करना चाहिए। अखरोट, बादाम, अलसी आदि जैसे मेवे ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं, बीजों में पाए जाने वाले हेल्दी फैट हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

# महापौर चुनाव को लेकर भाजपा ने मोर्चा प्रकोष्टों की बैठक में रणनीति बनाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा नेता सक्रियता से जिम्मेदारियों का आबंटन कर रहे हैं जिससे किसी भी क्षेत्र में किसी प्रकार की कमियां ना रहें भाजपा नेता सभी समाज वर्गों के बीच पहुंचने की योजना बना रहे हैं इस हेतु आज जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सभी मोर्चा प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक बुलाई गई महिला मोर्चा , युवा मोर्चा, किसान मोर्चा , झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जैसे सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

आज सुबह से एकात्म परिसर में बैठकों का दौर जारी रहा क्रमशः एक के बाद एक मोर्चों की मैराथन बैठके भाजपा महापौर प्रत्याशी मिलन चौबे , विधायक राजेश मूणत , जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी समाज वर्गों तक सीधी पहुंच बनाने का था जो मोर्चों के माध्यम से पहुंचना आसान माध्यम साबित होगा ।

महिला मोर्चा की जिला एवं मंडल की नेत्रियों की बैठक में महिलाओं का दल बना कर घर घर पहुंचने की योजना बनाई गई ,साथ ही चुनाव संबंधी उचित दिशा निर्देश दिए गए महिला मोर्चा की बहने महतारी वंदन योजना और उज्वला योजना जैसी महती योजनाओं के साथ महिलाओं के बीच पहुंचेंगी।



### नगर निगम चुनाव में युवाओं के कंधे बड़ी जिम्मेदारी आपके परिश्रम से आएगा सकारात्मक परिणामः राजेश मूणत

युवा मोर्चा की बैठक में विधायक राजेश मूणत ने युवाओं को महापौर चुनाव में अपनी भूमिका तय करने का आह्वाहन किया उन्होंने कहा कि युवा तरुनाई का हर चुनाव में महत्वपूर्ण योगदान होता है चुनावी प्रचार का माहौल बनाना युवाओं को आकर्षित करने विभिन्न स्थानों पर जाकर युवाओं से सरकार की योजनाओं के साथ संवाद स्थापित करना , जैसे बहुत से प्रमुख कार्य युवाओं के कंधे पर होते है युवा ऊर्जा से सराबोर होता है बस आवश्यकता है उस ऊर्जा का सदुपयोग करने की विधायक मूणत ने कहा कि चुनाव के लिए अब बहुत कम समय बचा है ऐसे में कम समय में ज्यादा कार्य करने की आवश्यकता है और यह एक मुख्य कारण है कि युवाओं के कंधों पर रायपुर नगर निगम चुनाव की बड़ी जिम्मेदारी है आप सभी को आगामी 11 जनवरी तक दिन रात कार्य करने के लिए मुस्तैद रहना होगा ।

### आप सबके सहयोग से कमल खिलाएंगे,रायपुर को आईडल सिटी बनायेंगेः मिनल चौबे

भारतीय जनता पार्टी से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी मिनल चौबे भी आज जिला कार्यालय में आहूत बैठको में उपस्थित रही, उन्होंने अलग अलग बैठकों में अपने संबोधन के दौरान सभी मोर्चा प्रकोष्ठ से पूर्ण सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि दशकों के राजनीतिक अनुभव में क्षेत्र की जनता के साथ साथ महिला मोर्चा और युवामोर्चा सहित अन्य मोर्चा प्रकोष्ठों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। हमने नगर निगम के कांग्रेस के तानाशाह महापौर के खिलाफ कई आंदोलन किए, जिसमें युवामोर्चा और महिला साथियों का सहयोग अतुलनीय रहा है हर सफल आंदोलन के पीछे युवाओं की ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और महतारी वंदन योजना जैसी योजनाओं का लाभ घर घर दिलवाने में महिला मोर्चा ने कोई कसर नहीं छोड़ी यदि सभी मोर्चा प्रकोष्ठ एक साथ मिलकर पूरी ताकत से परिश्रम करेंगे जीत सुनिश्चित है। उन्होंने आगे कहा साथियों आपके सहयोग से हमने विपक्ष में रहते हर आंदोलन सफल बनाया है और आप सभी ने हर अवसर पर मेरा भरपूर सहयोग किया है इस नगर निगम रायपुर चुनाव में आप सभी कार्यकर्ताओं के बूते बड़ी जीत दर्ज करने जा रहे हैं हम सबको मिलकर रायपुर नगर निगम में ऐतिहासिक जीत हासिल करनी है ।

बैठक के पश्चात महापौर प्रत्याशी मिनल चौबे अपने समर्थकों के साथ विभिन्न वार्डों जैसे शंकर नगर वार्ड में भाजपा पार्षद प्रत्याशी राजेश गुप्ता और चूड़ामणि वार्ड में पार्षद प्रत्याशी दीपक जायसवाल के साथ उन्होंने डोर टू डोर पहुंचकर स्थानीय जनता से आशीर्वाद प्राप्त किया सभी वार्डों में जगह जगह पुष्पमाला और आरती उतार कर भाजपा प्रत्याशी मिनल चौबे का स्वागत किया गया। जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आहूत मोर्चा प्रकोष्ठों की बैठक में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा किसान नेता संदीप शर्मा , पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल , भाजपा जिला मंत्री अमित मैशेरी , तुषार चोपड़ा , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा संतोष साहू , युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता , जिला महामंत्री प्रणय साहू , अर्पित सूर्यवंशी , उपाध्यक्ष राहुल राव , अश्वनी विश्वकर्मा , वंदना मुखर्जी , सुषमा निर्मलकर कामिनी देवांगन , पुष्पा साहू, प्रीति रावत , फुलमनी सोनवानी, संगीता जैन , सविता साहू, अनीता वर्मा , सरोज साहू, मीना सेन , अनीता पंडित और कमला रंधावा सहित जिला भाजपा प्रकोष्ठों के प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इलेक्शन रूल और ईव्हीएम डेमो संबंधी मीडिया वर्कशाप का आयोजन सम्पन्न




श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मीडियाकर्मियों एवं आम नागरिकों को जिला स्तरीय इलेक्शन रूल और ईव्हीएम डेमो समस्या संबंधी मीडिया वर्कशाप का आयोजन किया गया।**

इस दौरान बताया गया कि नगर पालिका व नगर पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इस बार पार्षद एवं अध्यक्ष पद का निर्वाचन एक साथ किया जायेगा। विगत वर्ष निर्वाचित पार्षदों द्वारा अध्यक्ष का चुनाव किया जाता था। कार्यशाला में मीडियाकर्मियों ने ईवीएम, वीवीपैट के बारे में प्रश्न पूछकर एवं ईवीएम का प्रयोग करके विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, मास्टर टेनर सी.एल. तारक, गौतम कुमार कुर्रे सहित मीडिया प्रतिनिधिगण मौजूद थे। कार्यशाला में बताया गया कि छत्तीसगढ़ में स्थानीय निकाय चुनाव 2024-25 में नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग की मशीने एम-3 मॉडल की हैं।

यह वही मॉडल है जो भारत निर्वाचन आयोग वर्तमान में उपयोग कर रहा है। इस एक ही मशीन से एक पद पर अनेक प्रत्याशियों के लिए और अनेक पदों के लिए (जैसे महापौर, अध्यक्ष और पार्षद) के लिए एक साथ उपयोग में लायी जा सकती हैं। प्रत्येक बीयू में 16 बटन होगा, लेकिन अंतिम बटन (क्रमांक 16) इण्ड बटन होगा और इसका उपयोग मतदान के लिए नहीं किया जा सकता है। साथ ही नोटा का प्रयोग किया जा सकता है।

# नियद नेल्लानार योजना से आई खुशहाली

## नक्सलगढ़ डब्बामरका में 4 जी मोबाइल नेटवर्क प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा एसपी किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र डब्बामरका में सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से नवीन मोबाईल टॉवर प्रारंभ किया गया। कोंटा विकासखंड के नियद नेल्लानार क्षेत्र दूरस्थ वनांचल डब्बामरका क्षेत्र में गुरूवार को जियो 4 जी मोबाईल नेटवर्क चालू किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ''नियद नेल्ला नार'' योजना अन्तर्गत सुरक्षा कैम्पों के आस-पास के ग्रामों में शत प्रतिशत 4जी नेटवर्क कनेक्टीविटी देने की योजना पर क्रियान्वयन जा रहा है।

मोबाइल नेटवर्क लग जाने से आस पास के क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों को मोबाइल की सुविधा के साथ साथ इंटरनेट की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। आसपास के अंदरूनी क्षेत्र डब्बामरका, कामाराम, कोमनपाड़, टेटेमड़गू, पामलूर, सिंगनमड़गू, वेरूम व आस-पास क्षेत्रों में अब ग्रामीणों को मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट की समस्या दूर हो गई है। स्कूली छात्रों और युवाओं को मोबाइल फ़ोन से ऑनलाइन पढ़ाई करने में सहायता मिलेगी। क्षेत्र के ग्रामीण दूर में स्थित अपने परिजनों से मोबाइल फ़ोन के ज़रिए आपस में बात कर सकेंगे।

सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से 28 कैंपों में जियों 4-जी नेटवर्क मोबाईल टावर स्थापित कर मोबाईल कनेक्टीविटी की सुविधा प्रारम्भ किया जा चुका है



जिसका लाभ अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणजन, युवा एवं सुरक्षा बल के जवान ले रहे हैं। इसके साथ ही इंटरनेट के माध्यम से ग्रामवासी देश-विदेश की जानकारी से अवगत होते रहेंगे। मोबाइल टॉवर की स्थापना में सीआरपीएफ 241, 217, 212 वाहनियों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

सुदूर अंचल में सेवा दे रहे सुरक्षा बल के जवान नेटवर्क स्थापित होने से अपने परिजनों से नियमित रूप से फ़ोन में बात कर सकेंगे। मोबाईल टॉवर लगने पर अंदरूनी क्षेत्रों के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। जिले के शेष अंदरूनी क्षेत्रों में जियो के नवीन टॉवरों की स्थापना का कार्य सुकमा पुलिस के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तीव्र गति से जारी है।

# रूप नहीं गुण को देखो अभियान का कलेक्टर ने किया शुभारम्भ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर। कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभाकक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास, छत्तीसगढ़ यूनिसेफ एसबीसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह के द्वारा जिले में जिला प्रशासन, समग्र शिक्षा, यूनिसेफ एवं अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के द्वारा संचालित 'रूप नहीं गुण को देखो', 'पढ़ाई का कोना' और 'आज क्या सीखा' अभियानों का शुभारंभ किया गया।**

यह कार्यक्रम जशपुर जिले की अभिनव पहल है, जिसके माध्यम से अभिभावकों में शिक्षा के प्रति व्यवहार की समझ बढ़ाने में सहायता मिलेगी ताकि शिक्षा में व्यापक और सतत परिवर्तन की नींव पड़ सके। सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन के सिद्धांत से सुसज्जित इन कार्यक्रमों में समाज के सभी प्रभावशाली वर्गों को समाहित किया जायेगा। जिसमें समाज प्रमुख, सीएसओ, महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं, एनएसएस, एनवाईकेएस, माई



भारत युवा स्वयंसेवक आदि स्थानीय स्कूलों के साथ मिलकर अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित कराएंगे।

इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि किशोरों की उम्र संवेदनशील होती है, उनमें शारीरिक बनावट को लेकर आने वाली हीन भावना उनके आत्मविश्वास को कम करती है। बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उनका पूर्ण मानसिक विकास हो। प्रथम चरण में जिले के 200 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का संचालन किया जायेगा। परिणाम के आधार पर जिले के अन्य ग्राम पंचायतों में भी इसका विस्तार किया जायेगा। जशपुर एसएसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि रूप की अपेक्षा गुण का विकास किशोरों के समग्र विकास में क्रांति ला सकता है।

बेहतर शिक्षा परिणाम के लिए अभिभावक की सहभागिता के संवेदनशील विषय पर विचार रखते हुए छत्तीसगढ़ यूनिसेफ एसबीसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने कहा कि हर बच्चा अद्वितीय होता है, उसकी पहचान इसी से होनी चाहिए। उन्होंने रूप नहीं गुण पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि लिंग भेद, मोटा-पतला, काला-गोरा आदि से प्रभावित हुए बिना गुण का विकास करना प्राथमिकता होना चाहिए। समग्र शिक्षा परियोजना के डीएमसी गणेश सिन्हा ने कहा कि विद्यालयों के शिक्षक समुदाय से मिलकर एक बेहतर माहौल तैयार करेंगे।

इस प्रशिक्षण में अपने बच्चों की पढ़ाई को रुचिकर बनाने और सहभागी होने के लिए अभिभावकों द्वारा उनसे आज क्या सीखा प्रश्न करने के महत्व पर भी प्रशिक्षित किया। वहीं किशोर बालक-बालिकाओं में अपने शारीरिक बनावट के प्रति उदासीनता और उससे गिरते आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के निराकरण के लिए राज्य कॉर्डिनेटर सर्वत नकवी ने प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि माता-पिता का समर्थन बच्चों में अपने शरीर के प्रति सकारात्मक छवि और आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद कर सकता है। तकनीकी पहलू का अभ्यास करवाकर किशोरों में अपने गुण को विकसित करने को कहा। इस अवसर पर जिला समन्वयक तेजराम सारथी विकासखंड समन्वयक शालिनी गुप्ता समग्र शिक्षा के जिला अधिकारी गणेश सिन्हा, एनआरएलएम के डीपीएम विजय शरण प्रसाद, चेयरमैन और अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के स्टेट नोडल मनीष कश्यप सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और जय हो स्वयंसेवक गुरु देव प्रसाद, नेहा एक्का, रिन्टा गुप्ता उपस्थित रहे।

रूप नहीं गुण को देखो कार्यक्रम जिला प्रशासन, समग्र शिक्षा एवं यूनिसेफ़ की एक अभिनव पहल है जिसके माध्यम से 7 से 18 वर्ष के बच्चों एवं किशोरों के लिए माता-पिता, अभिभावकों को एक सहायक और गैर-न्यायिक वातावरण बनाने के लिए उत्साहित किया जा रहा है। इससे किशोरावस्था से जुड़ी लैंगिक और शारीरिक बनावट संबंधित रुढियों और असुरक्षा की भावना को संबोधित करना लक्षित किया गया है।

'पढ़ाई का कोना' में एक सुव्यवस्थित और आरामदायक पढ़ने का स्थान बना कर बच्चों की सीखने की दक्षता को बढ़ावा देने के साथ ही पढ़ने हेतु साकारात्मक मानसिकता का विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। आज क्या सीखा के द्वारा अभिभावकों और उनके पढ़ने वाले बच्चों के परस्पर सहभागिता को बढ़ाते हुए स्कूल जानेवाले बच्चों से अभिभावक यह जानें कि वे रोज स्कूल में क्या सीख रहे हैं।

# मतदाताओं को जागरुक करने विभिन्न वार्डों में लगाई जा रही ईवीएम प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी विनय अग्रवाल के नेतृत्व में स्वीप प्लान सरगुजा के तहत नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के विभिन्न वार्डों में ईवीएम प्रदर्शनी के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 1 से 6 तक एवं अनुविभागीय कार्यालय (राजस्व) अम्बिकापुर में ईवीएम प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। प्रदर्शनी के दौरान मतदाताओं को बताया गया कि इस बार पहले महापौर पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के



लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, आपका मतदान सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही अन्य आवश्यक जानकारी भी लोगों को देकर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी विनय अग्रवाल ने जानकारी देते हुये कहा कि ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में महापौर और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदाय कर मतदाताओं को जागरूक करने के सम्बंध में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय से संबंधित सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि निर्वाचन तिथि 11 फरवरी को अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें, उन्हांने बताया कि नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के साथ-साथ नगर पंचायत सीतापुर एवं लखनपुर में भी चुनावी साक्षरता के तहत मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है।

### तिथिवार इन वार्डों में लगेगी ईवीएम प्रदर्शनी

जिला परियोजना अधिकारी एवं मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप प्लान के तहत् नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से निर्धारित तिथियों पर विभिन्न स्थलों पर ईवीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। 01 फरवरी को वार्ड क्रमांक 07 से 12 एवं तहसील कार्यालय अम्बिकापुर, दिनांक 03 फरवरी को वार्ड क्रमांक 13 से18, दिनांक 04 फरवरी को वार्ड क्रमांक 19 से 24, दिनांक 05 फरवरी को वार्ड क्रमांक 25 से 30, दिनांक 06 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 से 36, दिनांक 07 फरवरी को वार्ड क्रमांक 37 से 42 तथा दिनांक 08 फरवरी को वार्ड क्रमांक 43 से 48 में ईवीएम प्रदर्शनी लगाई जाएगी। बताया कि इस हेतु विभिन्न मास्टर ट्रेनर्स एवं अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# ईव्हीएम से चुनाव प्रक्रिया की पूरी व्यवहारिक प्रशिक्षण लें : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत ईव्हीएम एवं निर्वाचन प्रक्रिया के सम्बन्ध में शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों को हैंडस ऑन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी नें सभी सेक्टर अधिकारियों को ईव्हीएम की असेंबलिंग से लेकर मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण लेने कहा ताकि मतदान अधिकारियों की बेहतर मॉनिटरिंग एवं निर्वाचन सफलता पूर्वक संपन्न हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि सेक्टर अधिकारी का निर्वाचन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



सभी सेक्टर अधिकारी अपने समकक्ष पुलिस सेक्टर अधिकारी से सम्पर्क करे और अपने सेक्टर के मतदान केंद्रों का संयुक्त दौरा करें। कम्युनिकेशन प्लान के अनुसार लोगों से सतत संपर्क करें। इसी तरह रूट चार्ट के अनुसार मतदान केंद्रों तक सुगमता से पहुंच का भी आंकलन करें। जिले के सभी नगरीय निकाय के लिए 40 रूट निर्धारित किये गये है। जिसके लिए एक-एक रूट प्रभारी होगा। सेक्टर अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर सभी मतदान केंद्र में वाल राईटिंग कराने के निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रैनर्स के द्वारा सेक्टर अधिकारियों को ई व्ही एम मशीन तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

बताया गया कि ईव्हीएम मशीन में क्लॉक एरर आने पर पीठासीन अधिकारी को एक पंचनामा देना होगा। मतदान के समय मतदान केंद्रों में मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# अंबिकापुर में प्रेग्नेंट गर्लफ्रेंड की हत्या, ड़ेढ़ माह पहले की थी शादी, आरोपी को भेजा गया जेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक युवक ने 8 माह की गर्भवती प्रेमिका की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलस ने शव बरामद किया और पीएम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया। खासबात यह है कि युवक ने अपनी प्रेमिका से डेढ़ माह पहले ही शादी की थी। उसे शक था कि उसकी गर्लफ्रेंड के पेट में उसका बच्चा नही हैं। यह पूरा मामला सरगुजा के दरिमा थाना क्षेत्र के जयपुर गांव का है।





मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी का नाम अनिल सिंह यादव (19) और प्रेमिका का नाम अनिला सिंह (22) है। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था और लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। इस बीच युवती गर्भवती हो गई। चुंकि प्रेमी नाबालिग था इसलिए शादी नहीं की। डेढ़ माह पूर्व शपथ पत्र बनवाकर उसने शादी की थी। यह घटना 28 जनवरी की बताई जा रही है। अनिला सिंह को किसी का फोन आया और वह चली गई। इसके बाद वह नहीं लौटी।

### दूसरे दिन खेत में मिला शव

पुलिस ने बताया कि अनिला के गायब होने के बाद परिजनों ने रातभर उसकी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद 29 जनवरी को पता चला कि खेत में किसी युवती का शव है। पुलिस व परिजन पहुंचें और शव की पहचान अनिला सिंह के रूप में हुई। शुरुआती जांच में हत्या का मामला लग रहा था। पीएम रिपोर्ट में भी गला घोंटकर मारे जाने की पुष्टि हुई। पुलिस को पता चला कि अनिला सिंह लिव इन रिलेशन में अनिल यादव के साथ रह रही थी। घटना के बाद से वह फरार है।

पुलिस ने संदेही की तलाश शुरू की और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में अनिल यादव ने हत्या की बात मान ली। अरोपी ने बताया कि उसने अनिला सिंह से प्रेम विवाह किया था लेकिन उसे शक था कि उसकी प्रेमिका का किसी और से संबंध है। आठ माह की गर्भवती होने के बाद उसे शक था कि बच्चा उसका नहीं है। 28 जनवरी को उसने अनिला को फोन करके खेत में बुलाया और यहां पर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद होने पर अनिल सिंह ने गला दबाकर अनिला सिंह की हत्या कर दी। मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

## रायपुर में विवाहिता की बेरहमी से हत्या, पड़ोसी के घर पलंग पर नग्न बंधा मिला शव, रेप की भी आशंका




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में विवाहिता से दुष्कर्म व हत्या का मामला सामने आया है। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है। विवाहित की नग्न लाश पड़ोसी युवक के घर पलंग पर बंधी मिली। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। मृतका के शव को पीएम के लिए भेजा गया। वहीं घटना के बाद पुलिस ने पड़ोसी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर थाना क्षेत्र के कोलर ग्राम निवासी एक फैक्ट्री कर्मी जयकुमार यादव की 35 वर्षीय पत्नी धनेश्वरी यादव की रक्तरंजित लाश पड़ोसी उत्तम साहू के घर पलंग पर बंधी हुई मिली। उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस को आशंका है कि महिला के साथ्ज्ञ पहले रेप किया गया और उसके बाद किसी भारी वस्तु से हमला किया गया। इस मामले में पुलिस ने पड़ोसी युवक 26 वर्षीय उत्तम साहू पिता हरखराम साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने बताया कि विवाहित धनेश्वरी यादव अपने पति जयकुमार यादव और दो बच्चों के साथ अभनपुर इलाके में रहती थी। उसका पति 27 जनवरी को अपने कंपनी के काम से नागपुर गया हुआ था। घर पर उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे थे। 28 जनवरी को जय कुमार की अपनी पत्नी से बात हुई। इसके बाद उसी दिन शाम 5 बजे उसके बेटे ने फोन पर बताया कि मां कहीं चली गई है। छोटा भाई रो रहा है। इसके बाद दूसरे दिन जयकुमार घर पहुंचा और पत्नी की तलाश शुरू की। इस बीच उसे पता चला कि पड़ोसी उत्तम साहू के घर पर पलंग पर महिला की नग्न लाश बंधी हुई है।

इसके बाद जयकुमार आसपास के लोगों के साथ उत्तम कुमार के घर पहुंचा तो देखा कि पलंग पर उसकी पत्नी की लाश बंधी हुई है। आसपास खून फैला हुआ था। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची अभनपुर पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पुलिस का मानना है कि महिला का दुष्कर्म करने के बाद सिर पर भारी चीज से मारकर हत्या की गई। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि उत्तम साहू उसकी पत्नी को कॉल कर परेशान करता था। घटना के बाद पड़ोसी युवक उत्तम साहू फरार हो गया। पुलिस लगातार उसकी तलाश करती रही। फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

## खास खबर



### आरक्षक ने की आत्महत्या : शिवनाथ एक्सप्रेस के सामने लेट गया, दो भाग में बंटा शरीर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस में पदस्थ आरक्षक ने गुरुवार देर रात आत्महत्या कर ली। आरक्षक शिवनाथ एक्सप्रेस के सामने लेट गया जिससे उसका शरीर दो भागों में कट गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरक्षक ने आत्महत्या क्यों की इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम गंगाराम ध्रुव है जो कि माना कैंप में ड्राइवर के रूप में पदस्थ था। गुरुवार रात 11 बजे के करीब सूचना मिली कि शिवनाथ एक्सप्रेस के नीचे आकर एक व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जीआरपी ने बताया कि गंगाराम अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ माना इलाके में ही किराया के मकान में रहता था। फ्लिहाल मामले की जांच की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ में सामने आया HMP वायरस का पहला मामला, कोरबा में तीन साल का बच्चा संक्रमित.. स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में HMP वायरस का पहला मामला मिलने का दावा किया जा रहा है। प्रदेश के कोरबा जिले में एक तीन साल के बच्चे में संक्रमण की बात कही जा रही है। बच्चे को सर्दी खांसी की शिकायत थी इसके बाद बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है और बच्चे पर नजर रखे हुए है।



मिली जानकारी के अनुसार 27 जनवरी को सर्दी-खांसी के लिए एक निजी अस्पताल में तीन साल के बच्चे को भर्ती कराया गया। बच्चे को सांस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। HMP वायरस का मामला होने के संदेह में नमूना जांच के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर भेजा गया। फिलहाल बच्चे में HMP वायरस की संक्रमण है या नहीं इसकी जानकारी रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ पाएगी। स्वास्थ्य विभाग लगातार इस पर अपडेट ले रहा है।

# भिलाई में बुजुर्ग से 96 हजार की ठगी, लक्की ड्रा में टाटा कार जीतने का दिया झांसा और वसूल लिए रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर में रहने वाले एक बुजुर्ग को शातिर ठगों ने 96 हजार रुपए का चूना लगाया। बजुर्ग को लक्की ड्रा में कार जीतने का झांसा दिया गया। रजिस्ट्रेशन व अन्य खर्च के नाम पर अलग अलग किश्तों में 96 हजार से ज्यादा की रकम अपने खातों में ट्रांसफर कराए। 96 हजार जाने के बाद बुजुर्ग को ठगी का अहसास हुआ और इसके बाद बुजुर्ग ने और रुपए भेजने की जगह थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में सुपेला पुलिस ने अज्ञात के मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318(4)-BNS के तहत अपराध दर्ज किया है।



सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ठगी यह घटना ब्लाक 49 प्लाट-4 नेहरू नगर वेस्ट केएम गिरधर ( 77) के साथ हुई। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में केएम गिरधर ने बताया कि 15 जनवरी 2025 की शाम लगभग 5 बजे मोबाइल नंबर 8016564640 से उनके मोबाइल पर काल आया। कॉलर ने बोला की आपने आयुर्वेद से 4090 रुपए की दवाई खरीदी थी। इसकी लक्की ड्रा में आपने टाटा कार जीता है। कॉलर ने कार की कीमत 6 लाख 90,000 रुपए बताई। कॉलर दिल्ली से कॉल करना बताया और यह भी पूछा की कार चाहिए या कैश।

इस पर केएम गिरधर ने कॉलर को कहा कि वह भिलाई में रहता है इसलिए उसे नगदी दे दिया जाए। इसके बाद कॉलर ने रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पहले 6900 रुपए मांगे। बुजुर्ग ने यह रुपए यूपीआई से भेज दिए। इसके बाद अलग अलग किश्तों में कॉलर ने क्रमशः 27600 रुपए, 43056 रुपए और 18500 रुपए जमा कराए। इतना होने के बाद बुजुर्ग से और रुपए भेजने की डिमांड की गई तो उसे ठगे जाने का अहसास हुआ। इसके बाद बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल इस मामले में सुपेला पुलिस जांच कर रही है।

## भाभी ने देवर पर किया कुल्हाड़ी से हमला, बर्थडे पार्टी में मचा कोहराम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के ग्राम केरा के भाटापारा में भाभी पुष्पा बंजारे और देवर राम खिलावन बंजारे के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला किया। जिससे लहू लुहान जमीन पर गिर गया। राम खिलावन बंजारे शराब के नशे में घर पहुंचा और बर्थडे पार्टी के बीच में उल्टी कर दी। जिसपर पुष्पा बंजारे ने नाराजगी जताई और दोनों के बीच विवाद हुआ था। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, शुकवार की रात करीबन 9 से 9.30 बजे के बीच पुष्पा बंजारे अपने घर में बर्थडे थी। इस दौरान देवर राम खिलावन बंजारे जोकि शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और बर्थडे पार्टी के बीच उल्टी करने लगा। जिसे देख पुष्पा बंजारे ने नाराजगी जताई तो देवर राम खिलावन ने गला दबा कर उसे मारने की कोशिश की।

इस दौरान अपने बचाव में पुष्पा बंजारे ने पास में रखे कुल्हाड़ी से देवर राम खिलावन के सिर पर हमला कर दिया। जिससे चोट लगने पर वहीं जमीन पर लहूलुहान गिर पड़ा। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम आरक्षाक अभिषेक जायसवाल मौके पर पहुंचे और घायल राम खिलावन को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल नवागढ़ में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी नवागढ़ पुलिस को दी गई जहां पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का केस

**रायगढ़।** चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का केस मिला है। जिसके बाद कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने देर रात अधिकारियों की आपातकालीन बैठक लेकर स्थिति नियंत्रित करने रणनीति बनाई। वहीं रात में ही पोल्ट्री फार्म की सारी मुर्गी, चूजों और अंडों को नष्ट किया गया। पशुपालन विभाग, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी रात अभियान चलाया है। सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत पोल्ट्री फार्म का एक किलोमीटर का क्षेत्र 'इंफेक्टेड जोन' और 10 किमी का दायरा 'सर्विलांस जोन' घोषित, 10 किमी के दायरे में मुर्गी और अंडे की बिक्री प्रतिबंधित है।

# पामेड़ एरिया कमेटी के 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ, कोबरा व केरिपु बल के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छग. शासन की पुनर्वास नीति तथा शासन द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना एवं अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते दबाव के फलस्वरूप दक्षिण बस्तर डिवीजन, पामेड़ एरिया कमेटी अन्तर्गत नक्सलियों के पीएलजीए सदस्य, सीएनएम, डीएकेएमएस, कुटीर शाखा, कृषि शाखा के अध्यक्ष/सदस्य सहित 6 लाख के ईनामी 10 नक्सलियों ने अर्जुन मड़कम ऊर्फ अर्जुन गेन्ने इनामी 2 लाख, हड़मा ताती ऊर्फ मोरली ईनामी 1 लाख, हुंगा माड़वी ऊर्फ पेददा ईनामी 1 लाख, 4. भीमा माड़वी ऊर्फ नन्दू भीमा ईनामी 1 लाख, नन्दा मड़कम ऊर्फ कायर नन्दा ईनामी 1 लाख, भीमा हेमला ऊर्फ मासा भीमा मड़कम ऊर्फ मिन्ना, जोगा हेमला ऊर्फ बक्कू जोगा, हड़मा रव्वा ऊर्फ गोमा बिट्टो, दुला माड़वी ऊर्फ बोड्डा ने शुक्रवार को पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी , पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 204 कोबरा संतोष कुमार मल्ल, कमांडेंट 206 बटालियन कोबरा पुष्पेन्द्र कुमार, अति.पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान मयंक गुर्जर, अति.पुलिस अधीक्षक युलैण्डन यार्क, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। बीजापुर जिले में वर्ष 2025 में अब तक 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, वहीं 46 नक्सली गिरफ्तार किये गये हैं, एवं 17 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए हैं।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसाार आत्मसमर्पित नक्सली अर्जुन मड़कम ऊर्फ अर्जुन गेन्ने पिता हिड़मा मड़कम निवासी पालागुड़ा पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- नियमगिरी एरिया कमेटी सदस्य, वर्ष 2015 से सक्रिय ईनाम 2.00 लाख रूपये। कई मुठभेड़ों में शामिल रहा । हड़मा ताती ऊर्फ मोरली पिता भीमा ताती निवासी गोमगुड़ा पोडियामपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- पालागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष/सीएनएम अध्यक्ष, वर्ष 2003 से सक्रिय, ईनामी 1 लाख रूपये, हुंगा माड़वी ऊर्फ पेददा पिता माड़ा माड़वी निवासी कुम्मोड़तोंग पटेलपारा थाना पामेड़ बीजापुर, पदनाम- कुम्मोड़तोंग डीएकेएमएस अध्यक्ष, वर्ष 1997 से सक्रिय, ईनामी 1 लाख रूपये, भीमा माड़वी ऊर्फ नन्दू भीमा पिता नन्दा माड़वी निवासी एर्रापल्ली स्कूलपारा थाना पामेड़ बीजापुर, पदनाम- एर्रापल्ली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, वर्ष 2009 से सक्रिय, ईनामी 1 लाख, नन्दा मड़कम ऊर्फ कायर नन्दा पिता जोगा मड़कम निवासी गोमगुड़ा पाण्डेपारा थाना पामेड़ बीजापुर, पालागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, वर्ष 1997 से सक्रिय, ईनामी 1 लाख रूपये, भीमा हेमला ऊर्फ मासा पिता हिड़मा हेमला निवासी गोमगुड़ा ईत्तापारा थाना पामेड़ बीजापुर, पदनाम- पामेड़ एरिया कमेटी अन्तर्गत एलजीएस सदस्य, वर्ष 2009 से सक्रिय, भीमा मड़कम ऊर्फ मिन्ना पिता देवा मड़कम निवासी एर्रापल्ली पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- एर्रापल्ली आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कुटीर शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2010 से सक्रिय, जोगा हेमला ऊर्फ बक्कू जोगा पिता बंडी हेमला निवासी मीनागट्टा थाना पामेड़ बीजापुर, पदनाम- पालागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 2004 से सक्रिय, हड़मा रव्वा ऊर्फ गोमा बिटटो पिता भीमा रव्वा निवासी एर्रापल्ली स्कूलपारा थाना पामेड़ बीजापुर, पदनाम- एर्रापल्ली आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2010 से सक्रिय, दुला माड़वी ऊर्फ बोडडा पिता गंगा माड़वी निवासी पालागुड़ा स्कूलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम - पालागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कृषि शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2004 से सक्रिय थे।

### पिकअप वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, हादसे में बुज़ुर्ग की हुई मौत


जांजगीर चांपा। जांजगीर चांपा जिले के ग्राम लटीया फाटक के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने साइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग राम कुमार श्रीवास 65 वर्ष को गंभीर चोट आने पर सीएचसी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, पिकअप वाहन और चालक को पुलिस ने हिरासत में लिए है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, खोड निवासी राम कुमार श्रीवास साइकिल से अपने घर आ रहे थे, लटिया फाटक के पहुंचते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलते हुए पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। राम कुमार श्रीवास दूर सड़क पर जा गिरे। वहीं, सायकल भी क्षतिग्रस्त हुई है। हादसे में राम कुमार श्रीवास को चोट आने पर गंभीर हालत में राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टर ने राम कुमार श्रीवास को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

Urgent Requirements
Profile: Senior Accountant.Job
Types: Full-time, Permanent,
Experience: 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
Working Time:- 10.00am To 7.00Pm
Qualification: Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).
Cont. No. 6232 926 014

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

## कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल हुए सीएम साय, बोले-

# छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के लोगों ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण समर्थन देते हुए देश-प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है। अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन सरकार बनाना है, रायपुर सहित प्रत्येक नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में कमल खिलाना है। इसके लिए आप सभी कार्यकर्ता एक-एक घर जाएं, मतदाताओं से सम्पर्क करें और हमारी सरकार की उपलब्धि बताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह करें।उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं से कही।**

अपने नगरीय निकाय चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से रायपुर शहर के चहुंमुखी और निर्बाध विकास के लिए नगर निगम रायपुर की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे और सभी 70 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। साय ने कहा कि इस नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को शुभ संकेत मिल रहा है, क्योंकि बसना नगर पंचायत में भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी की निर्विरोध जीत के साथ नगर निगम के 2 और नगर पंचायतों के 20 पार्षद प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत हुई है। यह जीत नगरीय निकायों की जनता के भाजपा के प्रति विश्वास को दर्शाता है।

नगरीय निकायों के विकास पर श्री साय ने कहा कि अभी हाल ही में उन्होंने प्रदेश के पूरे जिलों का दौरा किया है और हर जिले में दो सौ से लेकर पांच सौ-सात सौ करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया है। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विकास कार्यों के लिए कुल सात-आठ हजार करोड़ से ज्यादा की राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लगभग एक लाख 87 हजार महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई स्वामित्व कार्ड वितरण योजना का लाभ ग्रामीण लोगों को मिल रहा है। गांव के लोग वर्षों से आबादी जमीन में मकान बनाकर रह रहे थे, लेकिन उनके पास घर का मालिकाना हक नहीं था, इसको दिलाने का काम हमारी डबल इंजन की सरकार ने किया है। प्रदेश के 61 हजार लोगों को एक ही दिन में स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने नगरीय निकाय के लोगों को भी उनके जमीन का मालिकाना हक देने हेतु आश्वस्त किया।





### नाच न जाने आँगन टेढ़ा

सीएम साय ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि  धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया और दोष हम पर मढ़ रहे हैं। इसे कहते हैं नाच न जाने आंगन टेढ़ा। कांग्रेस प्रत्याशी पहले ठीक से फॉर्म भरना तो सीख लें, उसके बाद किसी पर आरोप लगाएं। मुख्यमंत्री के इस भाषण ने कार्यकर्ताओं की खूब तालियां बटोरी। कांग्रेस को घेरते हुए सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ में हर तरफभ्रष्टाचार था। शराब, कोयला, बालू, डीएमएफ, महादेव एप घोटाला ये सब कांग्रेस ने किया। छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को ख़राब किया, पीएससी जैसी संस्था को बदनाम किया। जिससे जनता का विश्वास कांग्रेस सरकार से उठ गया था। आज पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है, जिसके दोषीदार जेल के सीखचों के अंदर है, उनका बेल नहीं हो रहा। कोयला और शराब के घोटालेबाज भी जेल के अंदर हैं।

### छत्तीसगढ़ियों का विश्वास हमारी भाजपा की सरकार पर

विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही हमने मात्र 13 महीने में इतने काम किये हैं, जिससे 3 करोड़ छत्तीसगढ़ियों का विश्वास हमारी भाजपा की सरकार पर बढ़ा है। मोदी की गारंटी के सभी वादे पूरे किये हैं। 18 लाख परिवारों के लिए पीएम आवास की स्वीकृति, किसानों के धान की कीमत 3100 रूपये प्रति क्विंटल, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस, 70 लाख माता-बहनों महतारी वंदन योजना का लाभ, तेंदूपत्ता का दाम 5500 रुपया प्रति मानक बोरा ये सब उनकी सरकार ने किया है। उन्होंने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को भी सँवारने की बात कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी जी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे, वरिष्ठ नेता सभी 70 वार्डों के पार्षद प्रत्याशी एवं विशाल संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर बोले सीएम साय-

# बस्तर में जल्द ही अमन, चैन और शांति का माहौल स्थापित होगा

### बस्तर संभाग में लगातार नक्सलियों द्वारा किये जा रहे आत्मसमर्पण पर मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षाबल के जवानों को दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में लगातार नक्सलियों द्वारा किये जा रहे आत्मसमर्पण पर सुरक्षाबल के जवानों को बधाई देते हुए, उनके अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि  आज कांकेर जिले में 7 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिन पर कुल 32 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इससे पहले नारायणपुर जिले के 27 एवं सुकमा जिले के 52 लाख के ईनामी 9 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। हमारी नीति स्पष्ट है बोली का जवाब बोली से और गोली का जवाब गोली से। जो भी नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उनके लिए हमारी सरकार द्वारा बेहतर जीवन और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जो हिंसा का रास्ता छोड़ गणतंत्र का मार्ग अपनाते हैं, उनका स्वागत है। यह हमारी सरकार की प्रभावी आत्मसमर्पण नीति और नक्सलवाद के सफाए के लिए लगातार चलाए जा रहे अभियानों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

सीएम साय ने कहा कि अब तक 941 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि 1,112 नक्सलियों को हमारे सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है। नक्सली मुठभेड़ों में 265 नक्सलियों का खात्मा हुआ है। नक्सलवाद की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर और बेहतर जीवन की उम्मीद में नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मैं अपने बस्तर दौरे के दौरान अक्सर आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिलता हूं। उनसे बातचीत में यह साफ झलकता है कि खोखली माओवादी विचारधारा को छोड़कर वे आज बेहतर जीवन जी रहे हैं और खुश हैं।

सीएम साय ने कहा कि घोर नक्सल प्रभावित जिलों के चिन्हित ग्रामों में नक्सल आधार को खत्म करने के लिए शासकीय योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे और मूलभूत आवश्यकताओं का विकास कर रही है।

विष्णु देव साय ने कहा कि आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। तय समय-सीमा के भीतर माओवाद के आतंक का अंत होगा। बस्तर में जल्द ही अमन, चैन और शांति का माहौल स्थापित होगा।

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां जोरो पर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला द्वारा भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला नगर निगम रायपुर में जीत सुनिश्चित करने सभी कार्यकर्ता एकजुट होंगे।

उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव , रायपुर नगर निगम चुनाव प्रभारी कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम , वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र रमेश बैस , रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल , रायपुर शहर की चारों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत , सुनील सोनी , मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहब , धरसीवां विधायक अनुज शर्मा , अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू , प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव और संभाग प्रभारी पूर्व विधायक सौरभ सिंह सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे ।

कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताते हुए जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि हम नगर निगम चुनाव पूर्व हर क्षेत्र में पूर्ण रूपेण तैयार रहना चाहते हैं हमे गर्व है यह वही कार्यकर्ता जिन्होंने विधानसभा और लोकसभा के साथ साथ उपचुनाव में भी भाजपा को अप्रत्याशित ऐतिहासिक जीत दिलवाई है और इस बार भी कार्यकर्ताओं के दम पर हम प्रचंड जीत की ओर अग्रसर है।

# दुर्ग के बाद भिलाई में बिना मतदान भाजपा प्रत्याशी की जीत

# रायगढ़ के दो वार्डों में भी निर्विरोध चुने गए भाजपा प्रत्याशी

### बसना नगर पंचायत में भी भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुनी गई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी को लगातार झटके लग रहे हैं। दुर्ग में वार्ड 21 से भाजपा प्रत्याशी विद्यावती सिंह के निर्विरोध चुने जाने के बाद नगर निगम भिलाई के वार्ड 35 में हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंदन यादव निर्विरोध चुन लिए गए। नाम वापसी के आखिरी दिन शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने नाम वापस ले लिया जिसके कारण चंदन यादव निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। भिलाई के साथ ही रायगढ़ निगम के दो वार्डों में भी भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए। यही नही महासमुंद जिले के बसना नगर पंचायत में भी भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुनी गई। दो दिन में प्रदेश के में 8 जगह भाजपा प्रत्याशियों को मतदान के पहले ही जीत मिल गई।**



बता दें जाति प्रमाण पत्र के मामले में भिलाई निगम वार्ड 24 व 35 के पार्षद इंजीनियर सलमान को बर्खास्त कर दिया गया था। इन दोनों वार्डों में चुनाव की घोषणा की गई। दुर्ग निगम के साथ ही यहां भी मतदान होना है। यहां से भाजपा ने चंदन यादव को टिकट दिया और वहीं कांग्रेस ने मनोज सिन्हा को मैदान में उतारा। 31 जनवरी को नाम वापसी का आखिरी दिन था। भिलाई निगम के वार्ड 35 से कांग्रेस प्रत्याशी ने शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया। मनोज सिन्हा ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा प्रवेश कर लिया और चंदन यादव के समर्थन में नाम वापस ले लिया। इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी चंदन यादव की जीत तय हो गई।

### रायगढ़ के दो वार्डों में भी निर्विरोध जीते भाजपा प्रत्याशी

भिलाई के अलावा रायगढ़ के दो वार्डों में भी भाजपा प्रत्याशियों को निर्विरोध जीत मिली। रायगढ़ नगर निगम वार्ड नंबर 18- कांग्रेस प्रत्याशी शीला साहू के नाम वापस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवार पूनम सोलंकी निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। इसी प्रकार रायगढ़ नगर निगम वार्ड 18 के बाद वार्ड नंबर 45 के पार्षद पद के कांग्रेस प्रत्याशी खिरीलाल सिंह ठाकुर ने भी नाम वापस लिया। इससे भाजपा प्रत्याशी नारायण पटेल जीत गए।

### एक दिन पहले चार प्रत्याशियों को मिली थी जीत

एक दिन पहले गुरुवार को भाजपा के चार प्रत्याशियों को निर्विरोध जीत मिली थी। दुर्ग नगर निगम वार्ड नंबर 21- कांग्रेस



प्रत्याशी मीरा सिंह ने नामांकन वापस लिया। इससे भाजपा प्रत्याशी विद्यावती सिंह बिना वोटिंग ही जीत गईं। इस वार्ड से भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा था। इसी प्रकार बिलासपुर निगम वार्ड नंबर 13- कांग्रेस उम्मीदवार श्याम पटेल ने नामांकन फॉर्म के साथ जाति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया। इससे नामांकन निरस्त हो गया और बीजेपी प्रत्याशी रमेश पटेल को वॉकओवर मिल गया। कटघोरा नगर पालिका वार्ड नंबर 13- भाजपा प्रत्याशी का एकमात्र नामांकन दाखिल हुआ, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल ही नहीं किया। कटघोरा नगर पालिका के ही वार्ड 18- कटघोरा के ही वार्ड-18 में भी बीजेपी को ही वॉकओवर मिला। यहां कांग्रेस प्रत्याशी ने बुधवार को नामांकन वापस ले लिया।

### बसना नगर पंचायत से डॉ. खुशबू अग्रवाल निर्विरोध चुनी गई



छत्तीगसढ़ के महासमुन्द जिले की बसना नगर पंचायत में बीजेपी की प्रत्याशी नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी ने नाम वापस लिया और भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीत गई। बसना नगर पंचायत की अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ. खुशबू अग्रवाल निर्विरोध चुनी गई हैं। नगर पंचायत बसना में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सहित कई लोगों ने फार्म भरा था। लेकिन शुक्रवार को नाम वापसी के दिन कांग्रेस प्रत्याशी सहित अन्य प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी तुलसी गौतम बंजारा, आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आमरीन गीगानी सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस बात की जानकारी मिलते ही भाजपाइयों ने नगर में विजय रैली निकालकर लोगों का आभार माना।

## निर्वाचन कार्य महत्वपूर्ण, बेहतर तरीके से प्राप्त करें प्रशिक्षण : कार्तिकेया गोयल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 को संपन्न कराने पीएमश्री शास.नटवर स्कूल एवं किरोड़ीमल पालीटेक्निक कालेज में मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसका आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण किया।

कलेक्टर गोयल ने सर्वप्रथम किरोड़ीमल पालीटेक्निक कालेज पहुंचकर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है। आप जितना अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उतना ही बेहतर तरीके से निर्वाचन कार्य संपन्न होगा, सभी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत का निर्वाचन बैलेट पेपर के माध्यम से होगा। जिसमें आपको मत पत्रों का विशेष ध्यान रखते हुए मतदान करवाना है। साथ ही मतपत्रों की छटनी एवं गणना पर भी विशेष ध्यान देना होगा। प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार का संशय होने पर मास्टर ट्रेनर से तत्काल प्रश्न पूछकर उसका समाधान करें, ताकि मतदान दिवस पर कोई समस्या न हो।

कलेक्टर गोयल पीएमश्री नटवर स्कूल भी पहुंचे। जहां नगरीय निकायों के मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षणार्थियों से मतदान केन्द्र में होने वाले व्यवहारिक दिक्कतों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के मतदान ईव्हीएम के माध्यम से होना है, इसके लिए सभी मतदान प्रक्रिया एवं मशीनों के संचालन का बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950